हिन्दी साप्ताहिक

R.N.I.No.-UPHIN/2012/47484

# जन नायक सम्राट


www.jnsnews24.com

सच के साथ : सच्ची बात

jnsnews24aligarh@gmail.com

वर्ष : 11 अंक : 37 | अलीगढ़, बुधवार, 1 नवम्बर 2023 | पृष्ठ : 8, मूल्य : 2 रूपये

## भारत पूरी दुनिया को धर्म की राह दिखा रहा : मोहन भागवत



सहारनपुर (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि भारत में एक विशेषता है कि वह पूरी दुनिया को धर्म की राह दिखा रहा है। सरसंघचालक मोहन भागवत गुरुवार को सहारनपुर के पंत विहार स्थित श्री कृष्ण ज्ञान मंदिर के रजत जयंती महोत्सव में शिरकत करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सारी दुनिया का धर्म एक है, जबकि पंथ और संप्रदाय अलग हो सकते हैं। धर्म सभी को जोड़कर रखता है। धर्म शाश्वत है। इसका अंत होगा तो सृष्टि समाप्त होगी। संत भी अलग–अलग संप्रदाय के होते हैं, लेकिन अंदर से सब एक हैं। उन्होंने कहा कि भागवत गीता में भारत के जीवन का निचोड़ है। जिसमें कहा गया है कि कुशलता पूर्वक काम करो। जो भी करो उत्तम करो। जीवन में किसी भी स्थिति से भागना नहीं है। डटकर मुकाबला करना है। स्थिति बदलती रहती है। भारत में एक विशेषता है कि वह पूरी दुनिया को धर्म की राह दिखा रहा है। संघ प्रमुख ने कहा कि हम धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म हमारी रक्षा करता है। प्रकृति के साथ मानवता चले, यह भारत का कर्तव्य है। सृष्टि को धर्म की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि धर्म साश्वत है, अगर यह खत्म हुआ तो श्रृष्टि भी खत्म हो जाएगी। इसलिए कुशलतापूर्वक कार्य करें। कभी भी अपने अंदर अंहकार मत लाओ। पवित्रता जरूरी है। व्यक्ति को श्रद्धा, दान और त्याग की भावना रखनी होगी। जीवन मे आने वाली परिस्थितियों से भागना नहीं है, इनका मुकाबला करो। यदि भाग गए तो जिंदा होते हुए भी मौत के समान है। प्रकृति के साथ चलें, यह धर्म की आवश्यकता है। दुनिया में ऐसे भी लोग हैं जो दुष्ट हैं, उनसे घबराना नहीं है। हमारी किसी से दुश्मनी नहीं है। सभी को साथ लेकर चलें।

## ईडी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे को भेजा समन

जयपुर (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) के कथित उल्लंघन से संबंधित एक मामले में पूछताछ के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि वैभव गहलोत को शुक्रवार को जयपुर या नयी दिल्ली में संघीय एजेंसी के कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। इस समन का संबंध राजस्थान स्थित आतिथ्य क्षेत्र से जुड़े समूह 'ट्राइटन होटल्स एंड रिसॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड 'वर्धा एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड और इसके निदेशकों एवं प्रमोटर शिव शंकर शर्मा, रतन कांत शर्मा और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा हाल में मारे गए छापों से है। एजेंसी ने अगस्त में तीन दिनों तक जयपुर, उदयपुर, मुंबई और दिल्ली में समूह और उसके प्रमोटर से जुड़े परिसर पर छापे मारे थे। इस छापेमारी के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने 1.2 करोड़ रुपये की आय के ज्ञात स्रोत से अधिक नकदी जब्त की थी। ऐसा बताया जा रहा है कि वैभव गहलोत के साथ रतन कांत शर्मा के संबंध प्रवर्तन निदेशालय की जांच के दायरे में हैं और वैभव से फेमा के तहत पूछताछ किए जाने और उनका बयान दर्ज किए जाने की संभावना है।

## तेजस की रिलीज से पहले कंगना रनौत अयोध्या में राम मंदिर पहुंची



अयोध्या (संवाददाता)। अभिनेता कंगना रनौत ने गुरुवार को अपनी आगामी फिल्म तेजस के लिए आशीर्वाद लेने के लिए मंदिर का दौरा करने के बाद कहा कि राम मंदिर हिंदुओं के लिए सबसे बड़ा पवित्र तीर्थ स्थान बन जाएगा। अभिनेता ने कहा, तेजस में मंदिर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है और इसमें रानौत भारतीय वायु सेना के पायलट की भूमिका में हैं। रानौत ने यहां संवाददाताओं से कहा, ईसाइयों के लिए वेटिकन सिटी जो है, उसी तरह अयोध्या का राम मंदिर हिंदुओं के लिए सबसे बड़ा पवित्र तीर्थ स्थान बन जाएगा। हम इसे इतना भव्य मंदिर बनते देखेंगे, जिसकी हिंदू सदियों से कामना करते रहे हैं। यह एक भव्य मंदिर बनेगा। हमारे देश का प्रतीक और दुनिया में सनातन संस्कृति का एक सुंदर लिंक है। उन्होंने आगे कहा, मंदिर हमारी फिल्म तेजस में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। फिल्म भारतीय वायु सेना पर आधारित है और हम यहां (रिलीज से पहले आशीर्वाद लेने के लिए) आए हैं। 36 वर्षीय रनौत ने मंदिर में अपनी यात्रा की तस्वीरें भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक समारोह में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया।

## लिफाफे वाले बयान से भड़के भाजपा वालों ने मुझ पर केस कर दिया : प्रियंका



नयी दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देवनारायण मंदिर में लिफाफे में 21रुपए के चढ़ावे संबंधी उनके बयान पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) वाले इतने भड़के हैं कि इस बात पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। श्रीमती वाड्रा ने आज खुद यह जानकारी देते हुए कहा मेरी एक बात पर भाजपा वाले इतने भड़क गए कि मुझ पर केस डाल दिया। उन्होंने अपने बयान पर सफाई देते हुए कहा, मैंने तो ये कहा था कि मैंने टीवी पर देखा– प्रधानमंत्री जी देवनारायण जी के मंदिर में लिफाफा डाल आए। खोला गया तो उसमें 21 रुपये निकले। ये जो काम करते हैं उससे भी यही दिख रहा है कि मोदी जी का लिफाफा खाली है। महिला आरक्षण, ओबीसी जाति जनगणना, ईआरसीपी सब खोखले वादे हैं क्योंकि मोदी जी का लिफाफा खाली है। कांग्रेस महासचिव के इस बयान पर भाजपा ने चुनाव आयोग में भी धार्मिक भावना भड़काने और झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज की है। लिफाफे का मामला राजस्थान के भीलवाड़ा का है जहां मालासेरी में श्री मोदी अपने दौरे के दौरान गुर्जर समाज के आराध्य देव भगवान देवनारायण मंदिर गए थे लेकिन मंदिर के पुजारी ने कथित वीडियो जारी कर दावा किया था कि प्रधानमंत्री ने दान पात्र में जो लिफाफा डाला उसमें 21 रुपए निकले।इसको लेकर श्रीमती वाड्रा प्रधानमंत्री पर हमला कर रही हैं। बताया जा रहा है कि भाजपा भी पुजारी के बयान को गलत बताते हुए एक वीडियो जारी कर चुकी है जिसमे कहा गया है कि श्री मोदी ने लिफाफा नहीं बल्कि नोट डाले थे।

## उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने पनैठी स्थित स्वास्थ्य केन्द्र पर की स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा

*टप्पल में 100 बेडेड क्रिटिकल केयर यूनिट की होगी स्थापना, संचारी रोग नियंत्रण एवं डेंगू, मलेरिया के प्रसार एवं रोकथाम के लिए शासन द्वारा आवंटित धनराशि का जनहित में सदुपयोग किया जाए, जहॉ भी चिकित्सकों की कमी है, वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से करें चिकित्सकों की भर्ती, संचारी रोग नियंत्रण एवं उसके प्रसार को गंभीरता से लेते हुए डीएम अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक कर विभागीय कार्यों की कारगुजारी की करें समीक्षा, चिकित्सालयों में साफ–सफाई के साथ उनका बेहतर मेंटीनेंस कराया जाए, निष्प्रयोज्य एंबुलेंस को इधर–उधर खड़ा करने के बजाए कराएं नीलामी*

**अमित कुमार वर्मा**



अलीगढ़। उत्तर प्रदेश के मा0 उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक जी ने सोमवार को अलीगढ़ पहुॅचकर पनैठी स्थित स्वास्थ्य केन्द्र पर स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मरीजों को सरकारी चिकित्सालयों में सभी प्रकार की सुविधाऐं मुहैया होनी चाहिए। किसी भी अस्पताल में दवाइयों की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि चिकित्सक मरीजों पर ध्यान दें, उपलब्ध धनराशि का जनहित में सदुपयोग करें। इस दौरान उन्होंने टप्पल में क्रिटिकल केयर यूनिट भी स्वीकृत करने की भी बात कही।

मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने स्वास्थ्य अधिकारियों से जनपद में प्रदत्त की जा रहीं चिकित्सीय सुविधाओं की भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संचारी रोग नियंत्रण एवं डेंगू, मलेरिया के प्रसार एवं रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभागीय अधिकारियों से भी जानकारी प्राप्त कर शासन द्वारा आवंटित धनराशि का जनहित में सदुपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य उपकेंद्रों में मरीजों के बैठने की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। संचारी रोगों के बारे में मरीजों को नियंत्रण व सुरक्षा के उपायों के बारे में अच्छे से जानकारी देते हुए काउंसलिंग की जानी चाहिए, ताकि रोगियों में रोग के प्रसार एवं नियंत्रण के बारे में समझ विकसित हो सके। उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों में व्हील चेयर एवं स्ट्रैचर की पर्याप्त व्यवस्था होने के साथ ही उनके संचालन पर भी विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि चिकित्सालय पहुॅचे किसी भी दिव्यॉगजन एवं अति बीमार व्यक्ति को परेशानी न हो और तत्काल चिकित्सकीय सुविधा प्राप्त हो सके। इस दौरान उन्होंने संस्थागत प्रसव, सर्जरी, ओपीडी, आईपीडी के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त सुविधाऐं एवं दवाइयॉ सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रहीं हैं। किसी भी मरीज को बाहर की दवाइयॉ न लिखी जाएं। उन्होंने कहा कि जहॉ भी चिकित्सकों की कमी है, वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से चिकित्सकों की भर्ती की जाए। सभी स्वास्थ्य इकाइयॉ संचालित अवस्था में रखीं जाएं। परिसर एवं वार्ड में समुचित साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। रोगी कल्याण निधि का उपयोग जनहित में इस प्रकार से किया जाए कि अधिकाधिक मरीज लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि एम्बुलेंस का विशेष रख–रखाव रखते हुऐ रेस्पॉस टाइम में सुधार लाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मरीज को स्वस्थ कर उसे सकुशल घर भेजना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता में होना चाहिए।

मा0 उप मुख्यमंत्री जी ने निर्देशित किया कि चिकित्सालय पहुॅचे सभी मरीजों को समुचित इलाज देते हुए आवश्यकता पड़ने पर अनिवार्य रूप से भर्ती किया जाए। प्लेटलेट्स एवं ब्लड की जरूरत पड़ने पर यदि मरीज व्यवस्था नहीं कर पा रहा है तो अपने संसाधनों से पूर्ति की जाए। संचारी रोग की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि नगर निगम, निकाय, पंचायतीराज एवं ग्राम विकास की टीम घर–घर जाकर दस्तक दें और संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए हरसंभव प्रयास करें। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि संचारी रोग नियंत्रण एवं उसके प्रसार को गंभीरता से लेते हुए अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक कर विभागीय कार्यों की कारगुजारी की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में डेंगू के लार्वा को पनपने न दिया जाए। मा0 डिप्टी सीएम ने सीएमओ एवं सभी सीएमएस को निर्देशित किया कि चिकित्सालयों में साफ–सफाई के साथ उनका बेहतर मेंटीनेंस कराया जाए। निष्प्रयोज्य एंबुलेंस को इधर–उधर खड़ा करने के बजाए उनको नीलाम कराया जाए।

उपमुख्यमंत्री जी ने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि अपने घर के आसपास साफ पानी जमा न होने दें। फ्रिज, कूलर, एसी, खाली पड़े बर्तन, पुराने खिलौने, टायरों में भरे पानी को निकाल दें। क्योंकि डेंगू का लार्वा साफ पानी में ही पनपता है और सूर्योदय के बाद दिन में ही काटता है। सभी लोग पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें क्योंकि डेंगू का लार्वा अत्यन्त ही घातक होता है। उन्होंने विश्वास जताया कि जनसामान्य की जागरूकता लार्वा को पनपने नहीं देगी।

जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मा0 उपमुख्यमंत्री जी को जनपद में चिकित्सकों के रिक्त चल रहे पदों की विस्तृत जानकारी देते हुए आग्रह किया कि जनसंख्या के घनत्व को ध्यान में रखते हुए कुछ नियमित चिकित्सकों की तैनाती किया जाना आवश्यक है। डिप्टी सीएम ने डीएम के आग्रह को स्वीकार करते हुए कहा कि वह जल्द ही चिकित्सक भेजेंगे। इसके साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि जिलाधिकारी वॉक–इन–इंटरव्यू के माध्यम से योग्य चिकित्सकों की तैनाती कर जनसामान्य को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएं।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 नीरज त्यागी ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का तीसरा चरण प्रगति पर है। जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर अन्तर्विभागीय बैठकों के माध्यम से नियमित समीक्षा की जा रही है। संवेदीकरण बैठकें एवं रैली आयोजित कर जनसामान्य को जागरूक भी किया जा रहा है।

आयुष्मान भारतः प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 16 सरकारी एवं 54 गैर सरकारी चिकित्सालयों समेत 01 ट्रस्ट चिकित्सालय का इंपैनलमेंट कर मरीजों को योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। अब तक 97213 मरीजों द्वारा योजना का लाभ लिया गया है। प्रदेश में जनपद का गोल्डन कार्ड बनाए जाने में 11वां एवं भुगतान में 8वां स्थान है। जिलाधिकारी ने बताया कि विगत तीन दिन में प्रदेश में गोल्डन कार्ड बनाए जाने के मामले में जनपद प्रथम स्थान पर है।

मा0 विधायक कोल श्री अनिल पाराशर ने डिप्टी सीएम का ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय में मॉड्यूलर आपरेशन थियेटर संचालित किये जाने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी बताया कि उपकरण भी क्रय कर लिए गये हैं, परन्तु जनता को लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिस पर उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक डा0 एम0के0 माथुर को ओटी संचालन में आ रही दिक्कतों का निराकरण करते हुए संचालित करने के निर्देश दिये। पूर्व महानगर अध्यक्ष विवेक सारस्वत ने मरीजों को आईपीडी सेवाओं एवं चिकित्सीय उपकरणों का समुचित लाभ सुनिश्चित कराए जाने की बात कही।

मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने टप्पल में क्रिटिकल केयर यूनिट स्थापित कराए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यमुना एक्सप्रेस वे, पलवल टप्पल अलीगढ़ मार्ग के नजदीक 100 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट की स्थापना होने से अचानक दुर्घटनाग्रस्त होने वाले मरीजों को यह यूनिट एक नया जीवनदान देगी। उन्होंने कहा कि यह यूनिट उन मरीजों के लिए वरदान की तरह होगी जिन्हें तत्काल जीवन रक्षक इलाज की आवश्यकता होगी। क्रिटिकल केयर यूनिट आधुनिक चिकित्सकीय सुविधाओं से युक्त होगी और आपातकालीन सेवाओं की जरूरत वाले रोगियों का भी इलाज संभव हो सकेगा। मा0 डिप्टी सीएम ने कहा कि महामारी के कहीं ज्यादा अकाल मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं में होती है। यदि दुर्घटनाग्रस्त मरीज को समय से इलाज मिल जाए तो हम सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को काफी हद तक कम कर सकते हैं।

जिला मजिस्ट्रेट इन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि क्रिटिकल केयर यूनिट की स्थापना के लिए शासन में प्रस्ताव भेजा गया था, जिस पर मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने आज अपनी मुहर लगा दी है। वह सभी जनपदवासियों की तरफ से मा0 उपमुख्यमंत्री जी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों का आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि यह सच है कि रोड एक्सीडेंट एवं अन्य गंभीर मरीजों को समय से इलाज न मिलने के कारण असमय काल के गाल में समा जाना पड़ता था, परन्तु सरकार की संवेदनशीलता के चलते अब ऐस नहीं होगा और समय से इलाज मिलने पर दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की जान बच सकेगी।

इस अवसर पर मा0 बेसिक शिक्षा मंत्री श्री संदीप सिंह, मा0 सांसद श्री सतीश गौतम, मा0 विधायक श्री अनिल पाराशर, श्रीमती मुक्ता संजीव राजा, श्री राजकुमार सहयोगी, मा0 महापौर श्री प्रशानत सिंघल, जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण पाल सिंह लाला, महानगर अध्यक्ष इंजीनियर राजीव शर्मा, विवेक सारस्वत, ठा0 श्यौराज सिंह, पं0 शिवनारायण शर्मा, अपर निदेशक स्वास्थ्य साधना राठौर, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, सीएमएस डीडीयू, जिला मलखान सिंह एवं महिला चिकित्सालय उपस्थित रहीं।

## राजा भैया का 54वा जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

कासगंज (अनिल कुमार)। गरीबों के मसीहा युवा दिलों की धड़कन शेर ए हिंद आदरणीय श्री रघुराज प्रताप उर्फ राजा भैया राष्ट्रीय अध्यक्ष जनसत्ता दल लोकतांत्रिक का 54 वा जन्मदिन जिला कार्यालय जनसत्ता दल लोकतांत्रिक कासगंज पर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस शुभ अवसर पर जनसत्ता परिवार कासगंज के भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे और सभी ने मिलकर राजा भैया के उज्जवल भविष्य की ईश्वर से प्रार्थना की।

इस शुभ अवसर पर शैलेंद्र कुमार मिश्रा को पुनः जिला अध्यक्ष जनसत्ता दल कासगंज बनाए जाने पर उपस्थित सभी जनसत्ता परिवार के सदस्यों ने शैलेंद्र कुमार मिश्रा को बधाई दी और स्वागत किया और शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा मुझे एक बार पुनः जिला अध्यक्ष जनसत्ता दल कासगंज की जिम्मेदारी देने पर श्री रघुराज प्रताप उर्फ राजा भैया एवं शीर्ष नेतृत्व का हृदय की गहराइयों से हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं और पार्टी में मैं सचिन इंस्टा और ईमानदारी से कार्य हमेशा करता रहूंगा।

## मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन में सुधीर शुक्ल के बाद अगला प्रदेश अध्यक्ष कौन?

### अटकलों का बाजार गर्म!



लखनऊ (संवाददाता)। मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के नये प्रदेश अध्यक्ष को लेकर अटकलें तेज हो गईं हैं। विदित हो कि मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के महामंत्री दिनेश त्रिवेदी को एसोसिएशन के केंद्रीय विस्तार में राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद प्रदेश अध्यक्ष के नामों पर चर्चा शुरू हो गई है। निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सुधीर शुक्ल के उत्तराधिकारी के रूप में बनारस से केशव पांडेय, पीलीभीत से ब्रम्हपाल सिंह यादव, अलीगढ़ के नीरज शर्मा, कानपुर से संदीप अस्थाना आदि के नाम प्रमुखता से उभर कर सामने आये हैं। हालांकि एसोसिएशन के लखनऊ मंडल अध्यक्ष डा. राजेश त्रिवेदी की प्रबल दावेदारी को भी गंभीरता से लिया जाना चाहिए, क्योंकि उनकी संगठन क्षमता किसी परिचय की मोहताज नही है।

मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव डा. अनिल कटियार ने कहा है कि यूपी जैसे बड़े राज्य में प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी उसी को दी जानी चाहिए जो विभिन्न जिलों में जिला इकाइयां गठित करने की क्षमता रखता हो। लखनऊ के दीनदयाल उपाध्याय सूचना भवन में पत्रकारों के बीच संगठन चर्चा में डा. कटियार ने कहा कि केंद्रीय कार्यकारिणी में गहन मंथन के बाद ही मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के नये प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा की जायेगी।

## आयुष्मान कार्ड बनाने की कम प्रगति पर जिलाधिकारी नाराज

कासगंज (अनिल कुमार)। जिलाधिकारी सुधा वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयुष्मान कार्ड की गहन समीक्षा बैठक करते हुये कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति में तेजी लाई जाये। प्रत्येक एमओआईसी स्तर पर आयुष्मान कार्डों की समीक्षा के दौरान कम प्रगति मिलने पर जिलाधिकारी ने कम प्रगति वाले समस्त एमओआईसी के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा आयुष्मान गोल्डन कार्ड सरकार की निर्धन परिवारों को एक वर्ष में 05 लाख रू0 तक के निःशुल्क इलाज के लिये एक बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। सभी पात्र परिवारों के शीघ्रता के साथ आयुष्मान कार्ड बनाये जायें। समस्त आशा व एएनएम व राशन डीलरों को भी वंचित पात्रों की सूची उपलब्ध कराये, जिससे उनके आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता से बनाये जा सकें। कोई भी पात्र योजना से वंचित नहीं रहना चाहिये। बैठक में सीएमओ डा0 राजीव अग्रवाल तथा समस्त एमओआईसी एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# छात्र ने स्कूल में टीचर पर चलाई गोली, गले और हाथ में लगे छर्रे, छात्रा भी हुई घायल...मची अफरातफरी

कानपुर (संवाददाता)। कानपुर के चौबेपुर में शुक्रवार सुबह एक छात्र ने स्कूल में टीचर पर गोली चला दी है। गोली लगने से टीचर और एक छात्रा घायल हो गई है। टीचर के गले और हाथ में छर्रे लगे हैं और छात्रा के पैर में गोली लगी है। स्कूल में गोली चलने से अफरातफरी मच गई है।

मामला भजन लाल इंस्टीट्यूशन स्कूल का बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक छात्र ने देशी तमंचे से दो गोली चलाई है। पहली गोली मिस होने पर दोबारा फायर कर दिया।




इसमें बिठूर निवासी टीचर विकास तिवारी और छात्रा आकांक्षा शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गए। टीचर ने बताया कि छात्र अनिकेत यादव को परिसर में डांट दिया था और दोबारा गलती न करने की हिदायत दी। इसको लेकर छात्र आज अपने चचेरे भाई अंकित यादव के साथ पहुंचा था।

पहला फायर मिस...तो दोबार झोंका

दोनों चचेरे भाई अभिषेक यादव और अनिकेत यादव ग गेट पर ही पहले से खड़े थे। जैसे ही स्कूल पहुंचे थे, तो अनिकेत यादव ने फायर झोंक दिया। गोली गर्दन को छूते हुए निकल गई। वहीं दुसरा फायर किया, तो पीछे आ रही छात्रा के फायर लग गया। इससे दोनों लोग घायल हो गए।

तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज

पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजय ढुल ने बताया कि भजन लाल इंस्टीट्यूशन में आज सवेरे एक टीचर पर दो छात्रों ने फायर कर दिया। इसमें टीचर और उनके पीछे आ रही छात्रा घायल हो गए हैं। दोनों का उपचार चल रही है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# नाबालिग ने बैराज पर दौड़ाई कार, दो को टक्कर मारी...एक की मौत, चारों दोस्त हिरासत में

कानपुर (संवाददाता)। कानपुर में गंगा बैराज पर तेज रफ्तार कार दौड़ा रहे नाबालिग छात्र ने सड़क किनारे लगीं छह दुकानों पर कार चढ़ा दी। मैगी की दुकान में काम करने वाले हमउम्र दो लड़कों को भी टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर अस्पताल में भर्ती है। गुस्साए ग्रामीणों व दुकानदारों ने कार सवार चारों नाबालिगों को जमकर पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारों दोस्तों को हिरासत में लेने के साथ ही कार को भी कब्जे में ले लिया है।



गंगा बैराज पर गुरुवार रात करीब 9:30 बजे एक कार शुक्लागंज उन्नाव से कानपुर की तरफ आ रही थी। गंगा बैराज पर मैगी प्वाइंट के पास कार अचानक बेकाबू हो गई और रामजी कश्यप, पप्पू, आजाद समेत छह लोगों की मैगी की दुकानों को रौंद दिया। इस दौरान नवाबगंज थानाक्षेत्र रामनिहाल पुरवा गांव निवासी रामजी कश्यप की मैगी की दुकान में काम करने वाले इसी गांव के मेवालाल के बेटे सागर (16) और आशीष को चपेट में ले लिया।

सूचना पर नवाबगंज थाना प्रभारी रोहित तिवारी, एसीपी मोहम्मद अकमल दलबल के साथ पहुंचे और चारों लड़कों को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी रोहित तिवारी ने बताया कि कार काकादेव निवासी 15 साल का लड़का चला रहा था। उसके साथ फजलगंज थाना क्षेत्र के दर्शनपुरवा, अफीमकोठी, शांतिनगर के दोस्त भी बैठे थे।

कार चला रहा नाबालिग कक्षा और एक अन्य कक्षा नौ के छात्र हैं। काकादेव के एक स्कूल में पढ़ते है। 17 साल के दो लड़के 11वीं के छात्र हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे में सागर और आशीष को हैलट ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने सागर को मृत घोषित कर दिया। आशीष का इलाज चल रहा है। सागर के परिवार में मजदूरी करने वाले पिता है। मां गुड्डी की 2011 में मौत हो चुकी है।

कार चला रहे नौवीं कक्षा के छात्र ने बताया कि विजयनगर काकादेव के शिवाय से कार बहाने से लाया था। फिर तीन दोस्तों के साथ शुक्लागंज उन्नाव की बैराज चौकी क्षेत्र में स्थित डीएस कैफे मौज–मस्ती करने गए थे। वहां से लौटते समय हादसा हो गया।

कार पर सवार चारों लड़कों के घरवालों को नहीं पता था कि उनके बेटे कहां गए हैं। नवाबगंज थाने पहुंचे परिजनों ने पुलिस को बताया कि उनके बेटे किसी की कार मांगकर यहां आए थे। कार चला रहा छात्र कोचिंग जाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके अलावा कोई दोस्त, तो कोई घूमने की बात कहकर निकला था। पुलिस कार मालिक के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। छह दुकानों और दो लड़कों को टक्कर मारने के बाद कार की गति नहीं थमी। लोग चिल्लाते रहे और कार दौड़ती रही। अचानक सड़क किनारे खंती में पहिया जाने पर कार रुकी, तो भीड़ दौड़ पड़ी। कार पर सवार लड़के कुछ समझ पाते कि भीड़ ने उन लोगों को कार से खींचकर पीटना शुरू कर दिया।

कार नाबालिग चला रहा था। चालक और उसके साथी नशे में थे या नहीं, इसका पता लगाने के लिए डॉक्टरी परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। कार चला रहे नाबालिग ने बताया है कि अचानक एक टेंपो के सामने आ जाने पर कार बेकाबू हुई थी। इसके बाद ब्रेक फेल होने से कार को वह नहीं रोक सका और हादसा हो गया।
–रोहित तिवारी, नवाबगंज इंस्पेक्टर

# कानपुर को प्रदेश का पहला अग्निरोधी शहर बनाने की तैयारी, पूर्व चेतावनी प्रणाली लागू करने के आदेश

कानपुर (संवाददाता)। अनियोजित विकास, अवैध निर्माण, रिहायशी इलाकों में चल रहीं औद्योगिक इकाइयों को देखते हुए कानपुर को प्रदेश का पहला अग्निरोधी शहर बनाया जाएगा। इसके लिए शासन ने आदेश दिए हैं। फिलहाल यह योजना शहर में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की जा रही है। इसके बाद सूबे के अन्य शहरों में भी इसे लागू किया जा सकता है।

दरअसल, शासन ने माना है कि यहां के निर्माण, अवैध बस्तियां, ट्रैफिक लोड, पुराने व जर्जर भवन, गलियों तक छोटे–छोटे प्लॉटों में बनीं बहुमंजिली इमारतें, व्यावसायिक क्षेत्रों में मकान और रिहायशी क्षेत्रों में फैक्टरी आदि को देखते हुए कानपुर आग के मामले में अत्यंत संवेदनशील है।

यहां आग बुझाने के पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। बांसमंडी रेडीमेड मार्केट में 30 मार्च को हुए अग्निकांड में अग्निशमन विभाग के संसाधनों की पोल भी खुल गई थी। मुख्यमंत्री तक यह मामला पहुंचा था। इसके मद्देनजर शासन ने कानपुर को अग्निरोधी शहर बनाने के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं।

व्यापक अग्नि जोखिम मूल्यांकन योजना विकसित करें

सूबे के राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने डीएम विशाख जी. और नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन को आदेश दिए हैं कि वे आग के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों, संभावित खतरों की पहचान करें और शहर की कमजोरियों को समझने के लिए व्यापक अग्नि जोखिम मूल्यांकन योजना विकसित करें।

शहर को अग्निरोधी बनाने के लिए ये काम होंगे

उद्योगों विशेष तौर पर खतरनाक उद्योगों का निरीक्षण करें। ऐसे क्षेत्रों में सुरक्षा, आपातकालीन प्रोटोकाल बनाएं।

अग्निकांड के लिए पूर्व चेतावनी प्रणाली लागू करें, ताकि इमरजेंसी पड़ने पर तत्काल लोगों को सूचना दी जा सके।



समय–समय पर मॉकड्रिल करें। विभागों में आपसी सामंजस्य हो।

आपदा के बाद पुनर्स्थापना से लेकर पीड़ितों को मनोवैज्ञानिक सहायता दें।

बदलती परिस्थितियों और जरूरतों की समय–समय पर समीक्षा कर सुधार करें।

बुनियादी ढांचा मजबूत करते हुए अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित हो।

जरूरत के हिसाब से दमकल विभाग आधुनिक और संसाधनयुक्त हो।

आग लगने पर राहत, निकासी मार्ग, आपातकालीन संपर्क नंबर, विभागों के बीच समन्वय हो।

शहरवासियों में जागरूकता के साथ ही सामुदायिक भागीदारी के प्रयास हों।

आग की रोकथाम के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों, नवाचार में निवेश करें।

उपकरणों, प्रशिक्षण, बुनियादी ढांचे में सुधार सहित पर्याप्त धन, संसाधन सुनिश्चित हो।

# विवाद से सुलग रही थी दुश्मनी की आग, किसान को पीट-पीटकर मारा, घर से 50 मीटर दूर हुई हत्या

कानपुर (संवाददाता)। उन्नाव जिले के सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में खेत में गंदा पानी डालने और गंदगी फेंकने के मामले में हुए विवाद की खुन्नस में पड़ोसी और उसके बेटे ने किसान को अपने घर में खींच लिया और बंधक बनाकर पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद शव घर के बाहर फेंक दिया। मृतक की पत्नी की तहरीर पर चार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट की गई है। दो को गिरफ्तार कर लिया गया है।



आसीवन थानाक्षेत्र गांव कूरेमऊ के मजरा लोचन खेड़ा निवासी शिवराज लोधी (42) का गांव के ही मटरू लोधी से पिछले साल होली पर शिवराज ने बटाई पर लिए गए खेत में गंदा पानी और गंदगी फेंकने का विरोध किया था। इसपर दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी और पुलिस ने शिवराज की तहरीर पर मटरू व अन्य का शांतिभंग में चालान किया था। इसी खुन्नस में मटरू लगातार उसे धमकी दे रहा था।

बुधवार रात करीब दस बजे शिवराज नशे में खेत से घर जा रहा था। जैसे ही वह मटरू के घर के पास से निकला, उसे अपने घर के अंदर खींच लिया और जमकर पिटाई कर दी। दीवार में कई बार सिर लड़ाया। करीब आधे घंटे बाद मरणासन्न हालत में उसे घर के बाहर फेंक दिया। हत्या करने के बाद मटरू ने खुद मृतक के चचेरे भाई लाखन और रसूलाबाद चौकी पुलिस को शिवराज के नशे में पड़े होने की सूचना दी।

परिजन और पुलिस पहुंचती तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना देने के बाद मुख्य हत्यारोपी मटरू घर से भाग निकला। हत्या की सूचना पर एसओ पहुंचे और जांच की और शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक की पत्नी अनीता की तहरीर पर पुलिस ने मटरू, उसके बेटे गोविंद, भाई नन्हें, और पप्पू के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक दो भाईयों में छोटा था।

मृतक शिवराज के घर की दूरी हत्यारोपी मटरू के घर से 50 मीटर है। खेत गए शिवराज का परिजन घर आने का इंतजार कर रहे थे। लेकिन उन्हें नहीं पता था कि अब वह उसे जिंदा नहीं बल्कि शव देखेंगे। हत्यारोपी अगर घर के बाहर घटना को अंजाम देते तो मृतक के परिजनों को पता चल जाता और वह अपने मंसूबों में कामयाब न होते।

इसलिए शिवराज को नशे में देख उसे घर के अंदर ही खींच ले गए और घटना को अंजाम दे दिया। पत्नी अनीता ने बताया कि विवाद के बाद पति से शराब छोड़ने को लगातार मना कर रही थी। उसे शक था कि ये लोग इसी का फायदा उठाकर उसकी हत्या कर सकते हैं, लेकिन उसने भी पीना बंद नहीं किया और जिसका डर था वही हो गया।

मृतक के चचेरे भाई लाखन ने बताया कि शिवराज ने गांव के ही बउवा का खेत बटाई पर लिया था। खेत मटरु के घर के सामने होने से वह उसी में गंदगी डालने के साथ अपने घर का गंदा पानी भी बहता था। साल 2022 में होली के त्योहार पर शिवराज व मटरू के बीच इसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें पुलिस ने शिवराज की तहरीर पर सिर्फ मटरू के खिलाफ कार्रवाई की थी। तब से मटरू रंजिश मानता चला आ रहा था।

मृतक शिवराज ही परिवार का सहारा था। वह खेती कर परिवार का पालन पोषण करता था। पत्नी अनीता के साथ सात बच्चों में बड़ी बेटी सविता (16), राजेश(13), विमलेश(11), सोनम (9), सुभाष (7), प्रियांशी (5) और रंजीता (3) साल की है। इसमें रंजीता को छोडकर अन्य बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। उनके पालने की जिम्मेदारी शिवराज पर थी। वह खुद की खेती के साथ बटाई पर खेती लेकर सभी का पालन पोषण कर रहा था। छोटे से विवाद ने पूरा परिवार उजाड़ कर रख दिया। बच्चों के सिर से पिता का साया छिन गया।

पुरानी रंजिश में पड़ोसी ने परिवारीजनों के साथ मिलकर हत्या कर दी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। जांच चल रही है। –संदीप मिश्र, एसओ

# जरीब चौकी क्रॉसिंग होगी बंद, कालपी रोड पर बनेगा अंडरपास, 400 करोड़ से होगा निर्माण, ये होगा फायदा

कानपुर (संवाददाता)। कानपुर में अनवरगंज–मंधना रेल लाइन पर जरीब चौकी से आईआईटी तक 14 रेलवे क्रॉसिंगों पर एलिवेटेड ट्रैक बनाने के लिए अब जरीब चौकी रेलवे क्रॉसिंग को बंद करने का फैसला लिया गया है। इसके अलावा क्रॉसिंग के ऊपर बनने वाले ओवरब्रिज का प्रस्ताव खारिज कर दिया गया है। इस ओवरब्रिज को जीटी रोड पर दोनों छोर पर उतरना था। हालांकि कालपी रोड से संगीत टॉकीज रोड तक अंडरपास बनाने का फैसला यथावत है।

गुरुवार को लखनऊ के लोकभवन में सूबे के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस नए प्रस्ताव पर सहमति दी गई है। बैठक में परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव एल वेंकटेश्वर लू और लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव अजय चौहान के साथ कानपुर के मंडलायुक्त अमित गुप्ता, डीएम विशाख जी. और गोरखपुर से पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी शिरीष चंद्र जुड़े थे।



अंडरपास बनने से जाम की समस्या से निजात मिलेगी

मुख्य सचिव ने कहा कि अंडरपास बनने से शहर के लोगों को लंबे समय से चली आ रही जाम की समस्या से निजात मिलेगी। डीएम विशाख. जी ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे के अनवरगंज से मंधना सेक्शन के बीच रेलवे ट्रैक कानपुर शहर को दो भागों में विभाजित करता है। ट्रैक के उत्तर की ओर कानपुर शहर का आबादी क्षेत्र है।

व्यावसायिक गतिविधियों सहित शहर का विकास बाधित हो रहा है

एल–शिंग्स के नियमित रूप से बंद रहने से स्थानीय लोगों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों को समय पर दफ्तर और प्रतिष्ठानों तक पहुंचने में दिक्कत होती है। एम्बुलेंस और फायरब्रिगेड सेवाएं प्रभावित हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों को लंबे जाम का सामना करना पड़ रहा है। इससे व्यावसायिक गतिविधियों सहित शहर का विकास बाधित हो रहा है।

अब मामूली संशोधन के साथ नीति आयोग जाएगी डीपीआर

मुख्य सचिव के साथ हुई बैठक में रेलवे को जरीबचौकी क्रॉसिंग को बंद करने की अनुमति मिल गई। रेलवे ने पहले जो डीपीआर बनाई थी, उसमें मामूली संशोधन के साथ दोबारा नीति आयोग भेजी जाएगी। रेलवे बोर्ड के जरिये से 1175 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित एलिवेटेड ट्रैक बनाया जाएगा।

400 करोड़ रुपये का खर्च आ सकता है

गुमटी नंबर पांच की क्रॉसिंग से जीटी रोड आने जाने वाले रास्ते पर एलिवेटेड ट्रैक की ऊंचाई चार मीटर हो जाएगी। पहले तीन मीटर की ऊंचाई पर ट्रैक बनना था। तीन मीटर की ऊंचाई से छोटे चौपहिया वाहन आ जा सकते थे लेकिन अब मिनी ट्रक भी गुमटी से जीटी रोड से आ जा सकेंगे। जरीबचौकी पर बनने वाला अंडरपास का खर्च प्रदेश सरकार वहन करेगी। इसमें करीब 400 करोड़ रुपये का खर्च आ सकता है।

अब यह होगा

14 रेलवे क्रॉसिंगों पर एलिवेटेड ट्रैक बनाया जाएगा। जरीबचौकी क्रॉसिंग बंद कर दी जाएगी। कालपी रोड से संगीत टाकीज वाली रोड पर अंडरपास निकलेगा

रावतपुर और कल्याणपुर रेलवे स्टेशन खत्म हो जाएंगे। इसकी जगह सीएसजेएम यूनिवर्सिटी के सामने एलिवेटेड स्टेशन बनया जाएगा।

# 14 केंद्रों पर पीईटी की परीक्षा देंगे छात्र, 23904 परीक्षार्थी दो दिन में होंगे शामिल, सीसीटीवी कैमरों के साथ प्रशासन अलर्ट

उन्नाव (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 28 व 29 अक्तूबर को कराई जाने वाली प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) की तैयारियां पूरी हो गईं हैं। विकास भवन में डीएम अपूर्वा दुबे ने जरूरी निर्देश दिए। नामित जोनल, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को सचेत किया गया। बताया कि प्रतिदिन दो पालियों में परीक्षा होगी। प्रथम पाली में सुबह10 से 12 बजे और दूसरी पाली दोपहर 3 से 5 बजे तक परीक्षा होगी। 28 को दोनों पालियों में 11948 और 29 को 11948 परीक्षार्थी होंगे। सभी 14 केंद्रों पर दोनों दिनों में 23904 परीक्षार्थी रहेंगे। डीएम ने सभी अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों से कहा कि परीक्षा में किसी भी स्तर पर चूक न हो। सुरक्षा, विद्युत, पानी की व्यवस्था, सफाई को तुरंत पूरा कराया जाए। यहां एडीएम नरेंद्र सिंह, एएसपी शशि शेखर सिंह, एडीएम न्यायिक विकास कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट अरुण मणि तिवारी, डीआईओएस एसपी सिंह आदि रहे। पूरी परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में कराई जाएगी। डीएम अपूर्वा दुबे ने सभी नोडल अधिकारियों, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों तथा केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिये कि परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से पूरी हो। जिससे परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न आए। परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थियों को अपने साथ किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, कैलकुलेटर, स्लाइड रूल, मोबाइल फोन, कैलकुलेटर युक्त इलेक्ट्रानिक घड़ी आदि ले जाने की अनुमति नहीं है। बैठक में मौजूद पुलिस अधिकारियों को भी सख्त निर्देश दिए है कि परीक्षा में लगे पुलिसकर्मी समय से ड्यूटी पर पहुचेंगे। परीक्षा दो पालियों में है इस लिए लापरवाही बिल्कुल न करें। यदि किसी कर्मी की ड्यूटी सम्बंधित लापरवाही पाई जाती है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# पुरानी रंजिश में युवक की हत्या, पुलिस कर रही जांच

उन्नाव (संवाददाता)। जिले के आसीवन थाना क्षेत्र के लोचनखेड़ा गांव में बीती देर रात तीन युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते लाठी से हमला कर युवक की हत्या कर दी। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। वारदात उस समय हुई जब युवकों के दरवाजे पर नशे में युवक से गाली गलौज कर रहा था। सफीपुर सीओ ऋषि कांतने बताया कि पत्नी की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। लोचनखेड़ा गांव के रहने वाले हरिनाम का चालीस वर्षीय बेटा शिवराज की रंजिश पड़ोसी मटरु के साथ चल रही है। पूर्व में होली पर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। जिसकी पुरानी रंजिश चली आ रही थी। बीती रात शिवराज नशे की हालत में मटरु के दरवाजे पर गाली–गलौज करने लगा। जिसका मटरु से विरोध किया गया। इसी बात को लेकर मटरु, पप्पू व नान्हे ने पकड़ लिया और लाठी से हमला कर दिया। बचाव के लिए खेतों की ओर दौड़ा तो फिर पकड़ लिया और पिटाई कर दी। घटना की सूचना पर आसीवन थाना प्रभारी संदीप मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल पर हत्या को लेकर जांच पड़ताल की। उधर पहुंची पुलिस ने जख्मी शिवराज को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक शिवराज दो भाइयों के बीच छोटा था। बड़ा भाई दिवारी लाल है। शिवराज की मौत को लेकर पत्नी अनीता व तीन बेटे और चार बेटियां रो–रोकर आहत हैं।

# पुलिस-दमकल विभाग की टीम ने चलाया चेकिंग अभियान

उन्नाव (संवाददाता)। जिले में दीपावली पर्व को लेकर अब्बासपुर में पटाखों की कई दुकानें लगी हैं। कई दुकानों में मानक न पूरे होने की जानकारी मिलने पर दमकल और पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से चेकिंग की। जिसमें मानक न पूरे होने पर उसे सील करने की भी चेतावनी दी है। साथ ही अन्य दुकानदारों को नियमानुसार पटाखों की बिक्री का निर्देश दिया गया। अब्बासपुर में फायर स्टेशन अफसर शिव राम यादव ने दीपावली पर्व को लेकर पटाखा की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम को देखकर दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार शटर गिरा कर भाग निकले। टीम ने कई दुकानों को चेक किया। जिसमें मानक सही पाए गए। अब्बासपुर में पटाखा विक्रेताओं को सख्त हिदायत दी है। यदि मानक न पूरे हुए तो दुकान सील करने के साथ मुकदमा भी पंजीकृत कराया जाएगा। इंस्पेक्टर शिव राम यादव ने बताया कि दीपावली त्योहार को लेकर लगातार सभी को जागरूक किया जा रहा है। कोई भी ऐसे पटाखे ना बेचें जिससे जनहानि हो। कहीं पर भी बारूद का भंडारण हो तो प्रशासन को अवगत कराएं। दीपावली पर्व पर ग्रीन पटाखे का इस्तेमाल करें। दमकल विभाग की ओर से लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यदि कहीं पर भी अवैध भंडारण की सूचना है तो गोपनीय तरीके से अवगत कराएं जिससे कार्रवाई की जा सके और घटना दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# संक्षिप्त खबरें

## सपा आंबेडकर और बुद्ध विरोधी : डॉ निर्मल

लखनऊ,(संवाददाता)। समाजवादी पार्टी के पी०डी०ए० का मतलब है पिछड़ा, दलित, आरक्षण विरोधी सपा। उक्त वक्तव्य देते हुए डॉ० लालजी प्रसाद निर्मल, सदस्य–विधान परिषद एवं पूर्व अध्यक्ष उ०प्र० अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम ने कहा कि समाजवादी पार्टी संविधान और आंबेडकर विरोधी पार्टी है। इसलिए वह दलित विरोध का पर्याय बन चुकी है। डॉ० निर्मल ने कहा कि सपा ने लोकसभा में दलितों का आरक्षण बिल फाड़ा, ठेकेदारी में दलितों का आरक्षण समाप्त किया। डॉ० आंबेडकर अतंर्राज्यीय बस अड्डा आलमबाग, डॉ अम्बेडकर मेडिकल कालेज, कन्नौज और डॉ० आंबेडकर वाटिका लखनऊ से डॉ० आंबेडकर का नाम हटाया तथा नाम पट्टिका को रौंद कर अपमानित किया। ग्राम समाज के जमीनों के आंवटन में दलितों की प्राथमिकता समाप्त कर दी। डा० निर्मल ने कहा कि इतना ही नहीं समाजवादी पार्टी बुद्ध विरोधी भी है। उसने महात्मा बुद्ध की माँ महामाया के नाम पर बने जिले हाथरस से महामाया का नाम हटा दिया। इसलिए सपा घोषित दलित विरोधी पार्टी है और इसका पी०डी०ए० दलितों, पिछड़ो को धोखा देने वाला एक छद्म नारा है। सपा ने अपने कार्यकाल में दलितों, पिछड़ो के हक में एक भी जनहित का कार्य नहीं किया।

## उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री से मिलने की इच्छा व्यक्त करना भी अपराध : संयुक्त युवा मोर्चा

लखनऊ,(संवाददाता)। संयुक्त युवा मोर्चा की केंद्रीय टीम के सदस्य राजेश सचान और युवा मंच अध्यक्ष अनिल सिंह को प्रयागराज पुलिस ने महज इसलिए गिरफ्तार कर लिया है क्योंकि संयुक्त युवा मोर्चा ने 27 अक्टूबर को मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश को ईमेल भेजकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के 30 अक्टूबर के प्रयागराज आगमन पर युवाओं के रोजगार के मुद्दे पर मुख्यमंत्री से मिलने के लिए समय की मांग की थी। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री से प्रतिनिधि मंडल के माध्यम से मिलने की इच्छा व्यक्त करना भी अपराध हो गया है। आज 30 अक्टूबर रात्रि 3रू30 पर राजेश सचान को पुलिस उनके आवास से ले जाकर जार्ज टाउन थाने में रखे हुई है। ज्ञातव्य है कि संयुक्त युवा मोर्चा और नागरिक समाज के लोग पुलिस की इस कार्यवाही का विरोध कर रहे हैं। प्रयागराज पुलिस से आग्रह है कि राजेश सचान और अनिल सिंह को तत्काल रिहा करें क्योंकि संयुक्त युवा मोर्चा का कोई भी कार्यक्रम मुख्यमंत्री के प्रयागराज आगमन पर नहीं है।

## भाजपा नेता के बेटे की मौत मामले में बड़ी कार्रवाई, यूपी की योगी सरकार ने दिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश

लखनऊ,(संवाददाता)। संजय गांधी पोस्टग्रैजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एसजीपीजीआई) में कथित तौर पर इलाज ना मिलने के कारण भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक पूर्व सांसद के बेटे की मौत को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार को इस मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए। सरकार ने एसजीपीजीआई के निदेशक को चेतावनी देते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, बांदा से सांसद रह चुके भैरो प्रसाद मिश्रा शनिवार को अपने बीमार बेटे प्रकाश मिश्रा (40) को लेकर एसजीपीजीआई के इमर्जेंसी वार्ड में पहुंचे थे। आरोप है कि किडनी की बीमारी से पीड़ित प्रकाश मिश्रा को भर्ती नहीं किया गया, जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद भैरो प्रसाद मिश्रा एसजीपीजीआई में धरने पर बैठ गए, जिससे अधिकारी हरकत में आए और मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया। आपको बता दें कि स्वास्थ्य विभाग संभाल रहे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र के बेटे की पीजीआई लखनऊ में दुखद मौत की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया, प्रथम दृष्टया जांच में दोषी पाए गए संबंधित डॉक्टर को संस्थान से कार्यमुक्त किया जा रहा है। पीजीआई के निदेशक को एक चेतावनी भी दी गई है कि भविष्य में इस तरह की घटना फिर न हो।

## मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में पांच दिन मायावती करेंगी धुआंधार प्रचार, प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल करेंगी तैयार

लखनऊ,(संवाददाता)। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बसपा सुप्रीमो मायावती ने पांच राज्यों में होने जा रहे विधान सभा चुनाव के प्रचार का ऐलान कर दिया है। मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष रमाकांत पिप्पल ने बताया ने बताया कि मायावती छह नवंबर से मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रचार में जुटेंगी और पांच दिनों में नौ चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगी। रमाकांत पिप्पल ने बताया कि बसपा हर रोज दो चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगी



जबकि वह दस नवंबर को दतिया (सेवड़) और 14 नवंबर को भिंड,मुरैना में प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल तैयार करेंगी। आप को बता दें कि मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी। 5 करोड़ 60 लाख 60 हजार 925 मतदाता अपना फैसला 17 नवंबर को ईवीएम में कैद करेंगे। बताया तो रहा है कि कांग्रेस और बीजेपी के बीच कड़ा मुकाबला हो सकता है, लेकिन बड़ी बात है कि बसपा, सपा, आम आदमी पार्टी कांग्रेस का खेल बिगाड़ सकती है, वहीं इस चुनाव को लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। जहां सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सत्ता बचाए रखने के लिए जोर लगा रही है तो वहीं विपक्षी कांग्रेस 2018 की तरह सत्ता का सूखा खत्म कराने के लिए जोर लगा रहा है।

## भाजपा विधायकों के लिए चुनौती दलित सम्मेलन

लखनऊ,(संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के दलित सम्मेलन में डेढ़ लाख से अधिक अनुसूचित जाति के लोगों की भीड़ जुटाना भाजपा और पार्टी के विधायकों के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य बन गया है। पार्टी की ओर से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से आने वाली भीड़ पर खास नजर रखी जाएगी। परोक्ष रूप से छह जनाधार भी बताने वाला है।विधायकों को क्षेत्र में अपना जनाधार साबित करना होगा।लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दलित वोट बैंक साधने के लिए पार्टी की ओर से दो नवंबर को स्मृति उपवन में दलित सम्मेलन होगा। सम्मेलन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, अनुसूचित जाति वर्ग के मंत्री, पार्टी पदाधिकारी संबोधित करेंगे। अवध क्षेत्र के इस सम्मेलन में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से दो हजार अनुसूचित जाति के लोगों को जुटाने का लक्ष्य दिया गया है। प्रबुद्ध वर्ग के लोगों की संख्या ज्यादा रखने के निर्देश दिए गए हैं। अवध क्षेत्र में 82विधानसभा क्षेत्र हैं। सम्मेलन में करीब 1.64 लाख से अधिक लोगों के जुटने की संभावना है।

# लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सुगबुगाहट तेज, सपा कार्यकर्ताओं ने अखिलेश के समर्थन में लगाए अब दिल्ली दूर नहीं के पोस्टर

लखनऊ,(संवाददाता)। आज पार्टी की पीडीए साइकिल यात्रा से पहले समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के समर्थन में अब दिल्ली दूर नहीं के पोस्टर लगाए गए। आज दोपहर 12 बजे निकाली जाएगी अखिलेश यादव की पीडीए साइकिल यात्रा। साइकिल यात्रा के कार्यक्रम को लेकर जगह–जगह बैनर–पोस्टर लगाये गये थे। यह पोस्टर आगामी 2024 लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी की तैयारियों के बीच आया है। साइकिल यात्रा का कार्यक्रम पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे से शुरू होगा। यह जनेश्वर मिश्र पार्क में समाप्त होने से पहले कबीरपुर, इकाना स्टेडियम, पुलिस मुख्यालय और अन्य स्थानों को कवर करेगा। यात्रा में अखिलेश यादव भी शामिल होंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, इससे पहले, पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा लखनऊ में पार्टी मुख्यालय के बाहर समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव को भविष्य के प्रधान मंत्री के रूप में चित्रित करने वाले कई पोस्टर लगाए गए थे। सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने बात करते हुए कहा कि अखिलेश यादव का जन्मदिन 1 जुलाई को है, लेकिन अपने नेता के प्रति अपना प्यार और सम्मान व्यक्त करने के लिए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उनका जन्मदिन कई बार मनाते हैं। आज, पार्टी के कुछ नेता और कार्यकर्ता उनका जन्मदिन मना रहे हैं। आपको बता दें कि अखिलेश यादव को भावी पीएम बताने वाले होर्डिंग्स पर त्वरित जवाब देते हुए समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष ने




सोमवार को कहा कि सिर्फ पोस्टर लगाने से कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री नहीं बन जाता। एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए, अखिलेश यादव ने कहा कि कोई भी किसी का भी पोस्टर लगा सकता है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह पीएम बन सकता है। सिर्फ पोस्टर लगाने से कोई प्रधानमंत्री नहीं बनने वाला है। उल्लेखनीय है कि अखिलेश यादव रविवार को लखनऊ के नए इकाना स्टेडियम में भारत–इंग्लैंड विश्व कप क्रिकेट मैच में शामिल हुए। एक्स पर एक पोस्ट में, यूपी के पूर्व सीएम ने यह दावा करते हुए श्रेय लिया कि स्टेडियम उनके प्रशासन के तहत बनाया गया था। सपा सरकार ने न केवल इस स्टेडियम का निर्माण कराया, बल्कि रोजगार और राजस्व के नए रास्ते भी खोले। इससे राज्य में खेलों को भी बढ़ावा मिला। होटल भरे हुए हैं, टैक्सी और रेस्तरां अच्छा व्यवसाय कर रहे हैं, जबकि लखनऊ की प्रसिद्ध चिकनकारी की चर्चा हो रही है।

# स्टेडियम बनवाने वाले अगड़े, जिसने कुछ नहीं किया वो पिछड़ा : अखिलेश

**पूर्व सांसद के पुत्र की मौत के लिए डॉक्टर नही मुख्यमंत्री और सरकार जिम्मेदार**
**महाराष्ट्र के जद एस के कई नेताओं ने ज्वश्इन की सपा**

लखनऊ,(संवाददाता)। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज सोमवार को पीडीए साइकिल यात्रा शुरू करने से पहले आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हमने इतना शानदार स्टेडियम बनवाया, इसलिए हम अगड़े हैं और जिसने कुछ नहीं कराया, वह पिछड़ा है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश ने कहा, ष्यही समस्या है।यादव का मतलब पिछड़ा है? क्या आप मैच देखने स्टेडियम नहीं गए? हम पिछड़े कैसे हैं? कोई पिछड़ा ऐसा स्टेडियम नहीं बना सकता लखनऊ इकाना स्टेडियम, जो यादव खुद को पिछड़ा समझता है उसे अपना नाम बदल लेना चाहिए... पीडीए में ए का मतलब अगड़ा आगे होता है।यही समस्या है कि हम स्वीकार नहीं कर रहे हैं कि हम अगड़े हैं, भले ही हम हैं... स्टेडियम बनाने वाले आगे हैं, और उसमें तस्वीरें लेने वाले पिछड़े हैं। अखिलेश यादव ने आज महाराष्ट्र से आये बड़ी संख्या में जनता दल एस छोड़ कर आये कार्यकर्ताओं को समाजवादी पार्टी में शामिल कराया।



सपा लीडर अबू आजमी ने सभी को आश्वस्त किया कि उन्हें पूरा सम्मान मिलेगा और महाराष्ट्र में सपा को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि एसजीपीजीआई में पूर्व सांसद के बेटे की मौत के लिए डॉक्टर और स्टाफ जिम्मेदार नहीं है, बल्कि स्वयं मुख्यमंत्री व डबल इंजन की सरकार जिम्मेदार है, क्योंकि उन्होंने बजट ही नहीं दिया। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को शपीडीएश यानि पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक में ए को विस्तार दिया। उन्होंने कहा कि ए का मतलब अल्पसंख्यक, अगड़े, आदिवासी और आधी आबादी है।रविवार को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में भारत व इंग्लैंड के बीच हो रहे विश्व कप क्रिकेट मैच देखने गए सपा अध्यक्ष ने सियासी दांव चला। भारतीय टीम की बल्लेबाजी देखने के बाद बाहर आए सपा मुखिया ने पत्रकारों से कहा कि इंडिया जीतेगी और आगे भी इंडिया जीतेगा। उनका इशारा 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए की तरफ था। पीडीए यात्रा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से शुरू होकर जनेश्वर मिश्र पार्क तक गई। अखिलेश इस यात्रा के जरिए अपने पीडीए फार्मूले और जातीय जनगणना के मुद्दे पर जनता का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। एक्सप्रेसवे बनाने वाले आगे हैं।

# अखिलेश ने भाजपा को दिखाई परिवारवाद की तस्वीर

## दयाशंकर बोले, उन्होंने रख दिया कुल्हाड़ी पर पैर

लखनऊ,(संवाददाता)। लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी बीमारी परिवार वाद को बताया था।उन्होंने कहा था, परिवारवाद धीरे–धीरे लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है। देश के लोकतंत्र में ऐसी कुरीति आई है, जो कभी भारत को मजबूती नहीं दे सकती ,उन्होंने राजनीति में परिवारवाद की परिभाषा भी दी। मोदी ने कहा था, परिवारवादी पार्टी का मंत्र है पार्टी ऑफ द फैमिली, बाय द फैमिली और फॉर द फैमिली। बिना किसी का नाम लिए पीएम मोदी ने राहुल गांधी से लेकर अखिलेश यादव और स्टालिन की काबिलियत पर सवाल उठाए थे। उनका कहना है कि गैर बीजेपी पार्टियों में योग्यता के बदले घर परिवार देखा जाता है।उन्होंने बीजेपी की ऐसी छवि गढ़ने का दावा किया है कि एक चाय वाले का बेटा भी पीएम बन सकता है। अखिलेश यादव बीजेपी के इसी आरोप का जवाब दे रहे हैं, वो भी एक



तस्वीर के जरिए. उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें उन्होंने लिखा भाजपा के परिवारवाद की तस्वीर, पहचाना क्या? सपा वाले असंभव को संभव कर देते हैं और भाजपा वाले सिर्फ फोटो खिंचाने आते हैं। फोटो रविवार को लखनऊ में हुए भारत और इंग्लैंड के वर्ल्ड कप क्रिकेट मैच की है, जो अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में हुआ था. फोटो में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बेटे और बीसीसीआई के सचिव जय शाह हैं।उनके साथ तीन बड़े नेताओं के बेटे हैं जो अब यूपी सरकार में मंत्री हैं। जय शाह के बाईं ओर यूपी के शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह हैं जो कल्याण सिंह के पोते और बीजेपी के सांसद राजवीर सिंह के बेटे हैं।जय शाह के दाहिनी तरफ सबसे पहले जितिन प्रसाद हैं जो यूपी सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री हैं। जितिन प्रसाद कांग्रेस के सीनियर लीडर जीतेन्द्र प्रसाद के बेटे हैं। उनके ठीक बगल में नितिन अग्रवाल हैं, जो योगी सरकार में आबकारी मंत्री है।नितिन अग्रवाल नरेश अग्रवाल के बेटे हैं जो बीएसपी से लेकर समाजवादी पार्टी में रहे और अब बीजेपी में हैं। अखिलेश के तस्वीर पोस्ट करने के बाद बीजेपी के नेताओं ने जवाब देने में देर नहीं की।प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने अखिलेश पर तंज करते हुए कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर ये तस्वीर शेयर करके के अपने पैर पर कुल्हाड़ी नहीं मारी बल्कि कुल्हाड़ी पर पैर रख दिया है।

# के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम में नन्हें बच्चों का चला जादू,100 मीटर दौड़ में गोरखपुर की रंजना भारती प्रथम, बाराबंकी द्वितीय स्थान पर

लखनऊ,(संवाददाता)। एकल अभियान संभाग स्तरीय खेलकूल समारोह का उद्घाटन प्रदेश के मंत्री गिरीश चन्द्र यादव, खेल–कूद विभाग, उ0प्र0 सरकार एवं विधान परिषद सदस्य अवनीश कुमार सिंह ने ग्रामीण व वनवासी बच्चों का मनोबल, उत्साह बढ़ाने हेतु लखनऊ एवं आस–पास के बच्चों के अभिभावकों के साथ अनेक हजारों लोगों ने उत्साहवर्धन कर खेल के मसाल जुलूस के साथ खेल का शुभारम्भ मंत्री द्वारा किया गया उसके उपरान्त बालक–बालिकाओं के अलग–अलग खेलप्रतियोगिता अलग–अलग स्थलों पर प्रारम्भ हुआ। एकल अभियान सम्पूर्ण भारत के ग्रामीण एवं वनवासी क्षेत्रों के 1 लाख से अधिक गाँवों में समग्र विकास हेतु विगत 33 वर्षों से प्रयत्नशील है। भारत सरकार द्वारा 2017 का गाँधी शान्ति पुरस्कार प्राप्त यह अभियान भारत के 340 जिलों के ग्रामीण क्षेत्र में सफलतापूर्वक चल रहे एक लाख से अधिक एकल विद्यालयों द्वारा पंचमुखी शिक्षा के माध्यम से समाज जागरण का सफल प्रयास किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत देश के एक लाख विद्यालय ग्रामों एवं पड़ोस के 3 अन्य सम्पर्कित ग्रामों के खिलाड़ियों में से 32 खिलाड़ियों की टीम चुनकर, उनके विकास खण्ड स्तर, जनपद स्तर व प्रदेश स्तर पर खेल समारोह आयोजित कर राष्ट्रीय स्तर पर ऐसे खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें अभ्यास हेतु किसी विशेष सहायक सामग्री की आवश्यकता नहीं पड़ती है। एथलेटिक्स–के अन्तर्गत बालक,बालिकाओं हेतु 50 मी0, 100 मी0, 200 मी0, 400 मी0 एवं 600 मी0 की दौड़ लम्बी कूद व ऊँची कूद। कुश्ती–केवल बालक भार वर्ग–25 किलो 28 किलो 32 किलो 35 किलो 38 किलो 42 किलो व 45 किलो। कबड्डी केवल बालक खिलाड़ियों हेतु सम्पन्न हुई। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल जगत में तिरंगा फहराने हेतु ''गाँव–गाँव प्रतिभा खोज'' का राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जाय जिससे भारत के जन–जन में यह आस्था जगाई जा सके कि ''यदि खेलेगा भारत तो खिलेगा भारत''। इसी तथ्य को ध्यान में रखकर इस वर्ष से ग्रामीण व वनवासी बच्चों मे छिपी खेल प्रतिभा का विकास करने व राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय खेलों के आयोजन का प्रयास किया गया है। एकल अभियान का संकल्प है कि एकल विद्यालय खिलाड़ियों की नर्सरी के रूप में स्थापित हों जिससे सामाजिक संगठन एकल अभियान खेल–कूद प्रतियोगित निरन्तर जारी रखे जिससे समाज के ग्रामीण एवं वनवासी बच्चों को ओलम्पिक खेलों में खेलने का अवसर मिल सकेगा यह सफल कार्य एकल अभियान ही कर सकता है। ओलम्पिक खेलों में भारतीय जनसंख्या के अनुरूप मेडल भी प्राप्त होंगे। कल समापन समारोह में पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि उ0प्र0 सरकार के कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग साथ में एकल अभियान के केन्द्रीय प्रमुख माधवेन्द्र सिंह की उपस्थिति में विजेता बच्चों कों सम्मानित करेगें। एकल अभियान के लखनऊ सम्भाग खेल–कूद प्रतियोगिता में एकल अभियान के वरिष्ठ सदस्यों में बी0एल0एस0पी0 के महामंत्री भूपेन्द्र अग्रवाल, ओम प्रकाश शर्मा, केन्द्रीय सह अभियान प्रमुख शम्भू कुमार सिंह, प्रभाग अभियान प्रमुख मनोज कुमार मिश्र, प्रभाग सचिव, मुख्यवक्ता नरेन्द्र सिंह चन्देल, कार्यक्रम संयोजक अजय पाण्डेय, कार्यक्रम प्रभारी अनिल, संजय सूर्यससंभाग अभियान प्रमुख बंसल मीडिया संयोजक डॉ0 वीरेन्द्र कुमार जी एवं समस्त भाई एवं बहनों।

## यूपी के बदायूं में स्कूल बस और वैन में टक्कर, चार छात्रों समेत पांच की मौत

लखनऊ,(संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के बदायूं में एक सड़क हादसे में 4 स्कूली बच्चों समेत 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद बच्चों के परिजनों का बुरा हाल है। पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह के मुताबिक बदायूं जिले के थाना उसावां क्षेत्र में सोमवार को स्कूल बस और वैन की टक्कर हुई। हादसे में बस चालक और चार छात्रों की मौत हुई है। 16 छात्र घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल बच्चों के बेहतर उपचार के लिए चिकित्सकों को निर्देश दिए गए हैं। एक छात्र गंभीर है। जिलाधिकारी और एसएसपी ने अस्पताल में जाकर घायल छात्रों का हाल जाना। मृतक बच्चों में एक छात्र बस चालक का बेटा था।स्थानीय लोगों के अनुसार कस्बा म्याऊं स्थित एसआरपीएस स्कूल की वैन और सत्यदेव इंटर कॉलेज की बस गांवों से बच्चों को लेकर जा रही थी। नवीगंज के पास स्कूल बस और वैन की तेज टक्कर हो गई। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। घायल बच्चों को निकाल कर सड़क पर लिटा दिया गया, जिससे कई बच्चों की मृत्यु की सूचना फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में पहुंचाया पुलिस ने साफ किया कि इस हादसे में तीन ही बच्चों की मौत हुई है।

## किसानों के लिए मिल सकती है खुशखबरी

लखनऊ,(संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के गन्ना किसान के लिए कल अच्छी खबर मिलने के आसार है। योगी सरकार की कल होने वाली कैबिनेट की बैठक में हाल ही में शुरु हुए नए पेराई सत्र के लिए गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूरी मिल सकती है।किसानों को बड़ी राहत देते हुए इस बार 25 रुपये प्रति कुंतल गन्ने का मूल्य बढ़ाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने 31 अक्तूबर को कैबिनेट की बैठक बुलाई है। गन्ना एवं चीनी उद्योग, औद्योगिक विकास विभाग, आवास विभाग व नगर विकास विभाग समेत कई विभागों के प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है। विगत 24 सितम्बर को भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के नेताओं ने लखनऊ में महापंचायत करने के बाद मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें आश्वस्त किया था पेराई सत्र शुरू होते ही गन्ना मूल्य तय कर दिया जाएगा। पिछले वर्ष प्रदेश सरकार ने गन्ना मूल्य नहीं बढ़ाया था। इस बार आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किसानों को प्रदेश सरकार गन्ना मूल्य में बढ़ोत्री का तोहफा दे सकती है। कैबिनेट बैठक में नयी शीरा नीति आ सकती है। इस नीति के तहत प्रदेश में देसी शराब बनाने वाली डिस्टलरियों को दिये जाने वाले सस्ते आरक्षित शीरे का कोटा बढ़ाने पर फैसला हो सकता है। विधानमंडल सत्र का शीतकालीन सत्र अगले महीने बुलाए जाने की तैयारी है। इससे संबंधित संसदीय कार्य विभाग का प्रस्ताव भी पास हो सकता है।

## घर में घुसकर युवती से की छेड़छाड़, विरोध पर पीटा

बांदा,(संवाददाता)। घर में पली बकरी की लिए सानी कर रही युवती को अकेला पाकर पड़ोसी युवक घर के अंदर घुस गया और युवती के साथ छेड़खानी की। विरोध पर उसे लात–घूंसो से पीटकर घायल कर दिया। युवती के पिता की तहरीर पर शहर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवती अपने घर में बकरी के लिए सानी कर रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाला युवक अफजल उसके घर में घुस आया और युवती को पकड़कर उसके साथ छेड़खानी की। युवती के विरोध करने पर उसे लात–घूंसों से पीट दिया। युवती के शोर मचाने पर आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद मौके से भाग निकला। पीड़िता ने फोन से अपने पिता व दादी को सूचना दी। पीड़िता ने कोतवाली में आरोपी के खिलाफ छेड़खानी व मारपीट की तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर युवती का मेडिकल परीक्षण जिला अस्पताल में कराया है।

# सम्पादकीय

## यही पाकिस्तानी लोकतंत्र है

मुमकिन है कि अगले आम चुनाव के बाद नवाज शरीफ को फिर से प्रधानमंत्री बना दिया जाए। आरोप है कि शरीफ की सेना के साथ डील हो गई है। इसके तहत सत्ता में उनकी वापसी की योजना को अंतिम रूप दिया जा चुका है। नवाज शरीफ को जब भ्रष्टाचार के मामलों में सजा सुना कर देश निकाला दिया गया था, तब पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री ने अपने राजनीतिक करियर अंत के लिए पाकिस्तानी सेना के उच्च अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया था। उनका बयान इस बात की पुष्टि था कि पाकिस्तान में सेना नेतृत्व ही प्रत्यक्ष या परोक्ष तौर पर देश की कमान संभालते रहता है। तब सेना ने एक बार पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ पार्टी के नेता इमरान खान को मौका देने का मन बनाया था। लेकिन अपने स्वभाव के मुताबिक इमरान सचमुच देश का नेतृत्व करने की महत्त्वाकांक्षा पाल बैठे। उन्होंने कुछ ऐसे फैसले लिए, जिनसे अमेरिका से निकट संबंध में स्वार्थ रखने वाले सैन्य अधिकारियों के हितों को चोट पहुंची। तो सैन्य अधिकारियों ने उन्हें हटाने का फैसला किया। खबरों के मुताबिक इमरान खान को भी देश से बाहर चले जाने का विकल्प दिया गया था, लेकिन उन्होंने उसे ठुकरा दिया। नतीजा यह है कि वे जेल में दिन काट रहे हैं। इस बीच सैनाध्यक्ष बदले, जिससे परिस्थितियां नवाज शरीफ के और अनुकूल हुईं। तो उन्हें सजा से राहत दिलवाने और देश लाने की कवायद पूरी हो गई है। मुमकिन है कि अगले आम चुनाव के बाद उन्हें फिर से प्रधानमंत्री बना दिया जाए। इमरान खान की पार्टी ने सार्वजनिक आरोप लगाया है कि नवाज शरीफ की सेना के साथ डील हो गई है। इसके तहत जनवरी में होने वाले चुनावों से सत्ता में उनकी वापसी की योजना को अंतिम रूप दिया जा चुका है। नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) कह चुकी है कि पूर्व प्रधानमंत्री चुनाव लडने़ का इरादा रखते हैं। इस बात की संभावना इतनी मजबूत है कि पाकिस्तान के टीकाकारों ने कटाक्ष किया है कि अगर यह सब तय ही है, फिर चुनाव पर खर्च करने की जरूरत ही क्या है! पाकिस्तान की न्यायपालिका का हाल यह है कि नवाज शरीफ की देश वापसी को निर्बाध बनाने के लिए वहां की एक अदालत ने विशेष कार्यवाही के जरिए उन्हें जमानत दी है। मतलब वही कि पाकिस्तान में फैसले सेना लेती है और उसके बाद सारा तंत्र उसे अमली जामा पहनाने में जुट जाता है।

## अनाजः आंकड़े और अंतर्विरोध

अनाज पैदावार के वास्तविक आंकड़ों के आने के बाद ही सरकार के ताजा अनुमानों की पुष्टि हो सकेगी। इस बीच यह आवश्यकता जरूर है कि सरकार आंकड़े जुटाने और अनुमान लगाने के अपने सिस्टम को बेहतर बनाए, ताकि पिछले वर्ष जैसी स्थिति आगे ना हो।

केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने अपने ताजा आंकड़ों के जरिए अंदाजा लगाया है कि 2022–23 में अनाज की रिकॉर्ड पैदावार हुई। इस अनुमान के मुताबिक अनाज की कुल पैदावार 32 करोड़ 90 लाख टन हुआ है। यह 2021–22 की तुलना में 4.5 प्रतिशत ज्यादा है। हालांकि बढ़ोतरी चावल और गेहूं की पैदावार में भी हुई, लेकिन सबसे ज्यादा वृद्धि मोटे अनाजों के मामले में दर्ज हुई। यह वृद्धि 12 प्रतिशत तक रहने की बात कही गई है। हालांकि दलहन की पैदावार पिछले वर्ष की तुलना में 4.4 प्रतिशत गिरी, लेकिन पांच वर्ष के औसत से तुलना करें, तो उसमें भी छह फीसदी की बढ़ोतरी नजर आती है। इन आंकड़ों ने कृषि क्षेत्र के प्रदर्शन पर नजर रखने वाले विशेषज्ञों को चौंकाया है। यह सवाल सहज ही उठा है कि कृषि पैदावार इतनी दुरुस्त है, तो देश में खाद्य मुद्रास्फीति इतनी ऊंची क्यों बनी हुई है? और सरकार को कुछ फसलों के निर्यात पर रोक क्यों लगानी पड़ी? फिर ओर भी ध्यान जाता है कि पिछले साल सरकार ने गेहूं की पैदावार के बारे में गलत अंदाजा लगाया था, जिस कारण पहले लगाए गए अनुमान की तुलना में वास्तविक पैदावार कम रही थी।

केंद्र ने पूर्व अनुमान के आधार पर ही यह एलान कर दिया कि यूक्रेन युद्ध के कारण विश्व बाजार में हुई गेहूं की कमी की पूर्ति भारत करेगा। लेकिन बाद उसे निर्यात रोकने का निर्णय लेना पड़ा। तब कम पैदावार के कई कारणों का जिक्र किया गया था। 2022–23 में भी कई ऐसे कारण हैं, जो सरकार के अनुमान पर संदेह का कारण बन रहे हैं। मसलन, इस वर्ष कई राज्यों में मानसून की बारिश सामान्य से कम रही है, और कई राज्यों में बाढ़ से नुकसान हुआ है। दरअसल, सरकारी अधिकारी घरेलू बाजार में अनाज की महंगाई का कारण इन्हीं तथ्यों को बताते रहे हैं। जाहिर है, ऐसे में पैदावार के वास्तविक आंकड़ों के आने के बाद ही सरकार के ताजा अनुमानों की पुष्टि हो सकेगी। इस बीच यह आवश्यकता जरूर है कि सरकार आंकड़े जुटाने और अनुमान लगाने के अपने सिस्टम को बेहतर बनाए, ताकि पिछले वर्ष जैसी स्थिति आगे ना हो।

## आज का राशिफल

मेष :– कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन–सत्ता से जुड़े लोगों को लाभकारी अवसर मिलेंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन चिंतित होगा।

बृषभ :– किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां मन में अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावना प्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

मिथुन :– भावनाओं पर नियंतण्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग हों। उच्छृंखलता व व्याग्रता महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा–प्रतियोगिता की दिशा में समुचित परिणाम का लाभ प्राप्त होगा।

कर्क :– सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। सुंदर भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों की मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

सिंह :– किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में और अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

कन्या :– पिता के सहयोग से मुश्किल भरे दिनों में राहत मिलेगी। कुछ बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता ला सकता है। नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

तुला :– भावनाव से उद्वेलित आपका मन निकट संबंधों के सुख–दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश मन में संबंधों के प्रति नकारात्मक को न पालें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्नक विचार ला सकती हैं।

वृश्चिक :– भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

धनु :– रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल भौतिक इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

मकर :– महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक–सुख साधन हेतु व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

कुंभ :– पुरानी समस्याओ को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन–सत्ता से जुड़े लोगों के लिए लाभकारी अवसर मिलेंगे। पूजा–पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।

मीन :– नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढे.गी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र मे मन आर्थिक सुदृढता हेतु चिंतित होगा। आवेश व उच्छृंखलता पर नियंतण्ररखें।

# मणिपुर से व्यथित भागवत




उत्तर पूर्वी राज्य मणिपुर में हुए मैतेई–कुकी संघर्ष से उत्पन्न त्रासदी से लोग बहुत व्यथित हुए थे। इस साल के मई महीने से जारी साम्प्रदायिक दंगों में सैकड़ों मारे गये हैं, हजारों बेघर हुए हैं, अनेक पूजा स्थलों को नुकसान पहुंचा और करोड़ों रुपयों की सम्पत्ति नष्ट हुई है। इसने पूरे देश को ही नहीं वरन दुनिया भर को हिलाकर रख दिया था। अनेक देशों में भी इन दंगों की गूंज सुनाई दी थी। विश्व भर के कई अखबारों ने इस घटना को विस्तार से छापा था। इसके बावजूद इस घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी खामोश रही, उसके नेता खामोश रहे। केन्द्र सरकार मौन थी और मणिपुर सरकार ने भी इस घटनाक्रम को दबाये रखा था। 3 मई का अगर वह वीडियो वायरल न होता तो शायद यह पूरा का पूरा घटनाक्रम दफ्न कर दिया जाता, जिसमें दो कुकी महिलाओं को नग्न कर उनकी परेड निकाली गई थी। उसके पहले उनका उत्पीड़न हुआ था। मीडिया से दूर भागने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी संसद के विशेष सत्र के पहले संक्षिप्त बयान संसद भवन के बाहर देना पड़ा था, क्योंकि इसका संज्ञान स्वयं सुप्रीम कोर्ट ने लिया था। मोदी ने दुख भरे स्वरों में कहा कि इस घटना से उन्हें बहुत पीड़ा पहुंची है। और भी जिन लोगों को इस घटना से पीड़ा पहुंची, उनमें अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत का नाम भी शामिल हो गया है। विजयादशमी को अपना परम्परागत भाषण देते हुए भागवत ने श्इस घटना के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ बताया। साथ ही उन्होंने केन्द्र सरकार की असफलता को एक तरह से कबूल करते हुए कहा कि श्गृह मंत्री अमित शाह को वहां जाना चाहिये, मंत्रियों को जाकर बैठना चाहिये। मणिपुर की घटना को उन्होंने भारत की अखंडता और एकता से भी जोड़ दिया। सम्भव है कि इस बयान के पीछे लोगों को भागवत की सदाशयता, दंगा पीड़ितों के प्रति सहानुभूति या प्रेम भाव दिखे परन्तु उनके इस बयान की तह में जाने की आवश्यकता है तभी इसकी विसंगतियां और संघ प्रमुख की मंशा साफ होगी। पहली बात तो यह है कि स्वयं भागवत को इस बात का जवाब देना चाहिये कि उन्हें इतने दिनों के बाद इस घटना की याद क्यों आई और उन्हें यह क्योंकर महसूस हुआ कि शाह एवं अन्य मंत्रियों को वहां जाना चाहिये? क्या इस घटना की जानकारी संघ प्रमुख को अब जाकर हुई है? सच तो यह है कि यह निर्देश उन्हें आज से 2 माह पहले देना चाहिये था जब यह घटना जगजाहिर हुई थी। अगर उनके कहे के बाद भी सरकार का कोई नुमाईंदा वहां नहीं जाता तो स्वयं भागवत को वहां जाना चाहिये था और पीड़ितों से मिलना चाहिये था। आदिवासियों के प्रति प्रेम दिखलाने वाले और संघ के मुखिया होने के नाते उन्हें अपने कार्यकर्ताओं को भी निर्देश देना था कि वे वहां जाकर पीड़ितों की सेवा करें। भागवत के मौन रहने का कारण सम्भवतरू यही है क्योंकि वहां के संघर्ष में ज्यादातर कुकी ही पीड़ित हैं जो कि ईसाई समुदाय के हैं और उत्पीड़क मैतेई हिन्दू। यह स्थिति संघ के सामाजिक एवं भाजपा के राजनैतिक एजेंडे के एकदम मुफीद है जिसके माध्यम से उनका साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का लक्ष्य सधता है। दूसरे, इस पर भी गौर करना चाहिये कि यह बयान वैसे तो संघ के सालाना जलसे में दिया गया है पर उसके पीछे एक कारण यह भी साफ दिखता है कि अगले माह होने जा रहे 5 राज्यों (राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम) के विधानसभा चुनावों में भाजपा की हालत बहुत नाजुक है। भाजपा का नफरती एवं विभाजनकारी एजेंडा लोगों के सामने बहुत स्पष्ट हो गया है। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक के चुनावों में भाजपा को मिली पराजयों के बाद अगर इन राज्यों में उसकी स्थिति ठीक रहती तो शायद संघ व भाजपा उस एजेंडे को आगे बढ़ाते परन्तु सम्भवतया संघ को अब एहसास हो गया होगा कि उस पिच पर लम्बी पारी खेलना बहुत मुश्किल हैय जीतना तो और भी दूर की बात है। विदेशी शक्तियों का उल्लेख कर भागवत अपनी सरकार को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। अगर ऐसा है तो इसकी जिम्मेदार भी मोदी सरकार की है। फिर, केन्द्र के साथ मणिपुर में भी तो उन्हीं की यानी कि भाजपा की सरकार है। जिस तरह से अब तक भाजपा के नेता डबल इंजिन की सरकारों को महिमा मंडित करते आये हैं, तो भागवत को स्वीकार करना चाहिये कि दोनों ही इंजिन नाकाम साबित हुए हैं और अब इन्हें बदलने की जरूरत है। याद हो कि सीमावर्ती राज्यों में होने वाली घुसपैठ पर यही आरएसएस और ये ही नेता विपक्षी सरकारों–दलों को पानी पी–पीकर कोसते थे। उनका आरोप होता था कि बाहरी तत्व गैर भाजपायी केन्द्र–राज्यों की सरकारों की सांठगांठ से भारत आकर गड़बड़ियां करते हैं। भागवत आज क्या कहेंगे? उम्मीद है कि संघ अब समस्या की गहनता से वाकिफ हो चुके होंगे ।इस बयान का कारण संघ प्रमुख की यह चिंता भी हो सकती है कि इन पांच राज्यों के चुनावों के परिणामों का असर, जो 3 दिसम्बर को घोषित होंगे, 2024 के लोकसभा चुनावों पर पड़ना तय है। इन राज्यों के साथ आगामी लोकसभा चुनावों के तमाम सर्वे जिस तरह के परिणामों का अनुमान लगा रहे हैं, संघ प्रमुख का चिंतित होना लाजिमी है। कोई यह न समझे कि भागवत का बयान सदाशयता व समरसता के लिये या फिर वाकई देश की अखंडता–एकता को उत्पन्न कथित खतरे की चिंता में दिया गया है। इसके सामाजिक नहीं वरन राजनैतिक निहितार्थ हैं।

–राजेश त्रिवेदी

# अमेरिका के विरुद्ध षडयंत्र का परिणाम है हमास-इजरायल युद्ध

संजीव ठाकुर

अमेरिकी विदेश मंत्री एंथोनी ब्लिंकन ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में स्पष्ट रूप से कहा है कि इस सभा में सबको विदित है कि तो कुख्यात आतंकवादी संगठन हमास ,हिजबुल्ला और फलस्तीन इस्लामिक जिहाद को कई वर्षों से ईरान प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से आर्थिक सामरिक सहायता कर इजराइल का विरोध करवाता आ रहा है. ब्लिंकन ने कहा हमास के इसराइल पर हमले में अमेरिका पूरी तरह से इसराइल के साथ खड़ा है और वह किसी अन्य देश के हमले से इजरायल की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है हमास का आक्रमण इजरायल की प्रभु सत्ता को चुनौती देने वाला है इसलिए इसराइल को हमास पर आक्रमण करने का पूरा–पूरा वैध ाानिक हक है इजरायल को अपनी जनता तथा अपनी भूमि की रक्षा करने का पूरा अधिकार है इसराइल अपना कर्तव्य निभा रहा हैस लिंकन ने स्पष्ट कहा है यदि ईरान, जॉर्डन, सीरिया या लेबनान अमेरिकी सैनिकों पर हमला करेगा तो उसका तुरंत माकूल जवाब दिया जाएगास इधर ईरान के प्रमुख आयतुल्लाह खुमैनी ने कहा कि गाजा पट्टी में निर्दोष नागरिकों तथा बच्चों महिलाओं की हत्या का सारा दोष अमेरिका प्रशासन को जाता है जिसने इसराइल को गाजा पट्टी पर निर्दोष नागरिकों पर आक्रमण करने की खुली छूट देकर रखी है और यदि अमेरिका इस युद्ध में शामिल होता है तो खाड़ी के अनेक राष्ट्र शामिल होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी अमेरिका पर होगी। यह बात पूरी दुनिया को मालूम है कि हमास के पीछे ईरान और मिडिल ईस्ट के कई देश शामिल हैं और ईरान के पीछे ड्रैगन तथा रूस का खुला समर्थन है। चीन और रूस ने फिलिस्तीन तथा हमास को अपने समर्थन का ऐलान किया है. रूस चाहता है कि अमेरिका का ध्यान रूस यूक्रेन युद्ध से हट जाए और वह यूक्रेन को पूरी तरह नष्ट कर अपने देश की सीमा में शामिल कर ले। इसी तरह की चाहत चीन ने भी पाल कर रखी है वह ताइवान के मामले में अमेरिकी हस्तक्षेप से परेशान है और वह चाहता है कि अमेरिका का ध्यान इसराइल हमास युद्ध में लगा रहे और वह इसी दौरान आक्रमण करके ताइवान को अपनी प्रभु सत्ता में शामिल कर लेस चीन और रूस में खुले तौर पर ईरान को भड़काकर हमास हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद को सहायता करने तथा आक्रमण करने की इजाजत दे दी थी तब जाकर ईरान ने हमास को सीधे–सीधे इसराइल पर आक्रमण करने का निर्देश भी दिया हैस 7 अक्टूबर 23 को हमास के आक्रमण से लगभग 1200 से 1500 इसराइली नागरिक सैन्य अधिकारी बच्चे तथा स्त्रियों की सरेआम हत्या कर दी गई। जवाब में इजरायल ने फिलिस्तीन के गाजा पट्टी पर हमला कर हमास के फ्रंटलाइन आतंकवादियों को खत्म कर दिया है कॉलेटरल डैमेज के रूप में वहां के नागरिक तथा बच्चों एवं स्त्रियां भी मौत की नींद सो चुके हैंस हमास इसराइल लड़ाई में नया मोड़ तब आया जब गाजा के एक अस्पताल में बम गिरकर 500 लोगों की हत्या कर दी गई और इसका सारा ठीकरा इसराइल के सर फोड़ दिया गया है इसराइल ने इस बात से साफ इनकार किया है और कहा है कि इसके पीछे खुद हमास एवं फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद है जिसने गाजा के इस अस्पताल में हमला कर इसराइल के खिलाफ एक नया षड्यंत्र रचा है। इस हमले से क्रुद्ध होकर खाड़ी देशों के सभी मुस्लिम राष्ट्र जिनकी संख्या लगभग 57 है सब एक हो गए हैं और इजरायल के साथ लगभग 87 देश समर्थन में जुड़ गए हैं जिसमें प्रमुख तौर पर अमेरिका ,ब्रिटेन, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया,कनाडा एवं अन्य देश जिसमें भारत भी शामिल है का इसराइल को समर्थन है। अब मुख्य मुद्दा यह है कि हमास द्वारा 200 नागरिकों को बंधक बना लिया है जिनको वह मुक्त करने के मूड में नहीं दिखाई दे रहा है इजराइल का लगातार आक्रमण कर यह दबाव है कि पहले वह बंधकों को इसराइल के हवाले करें फिर इसराइल अपना आक्रमण रोकेगा ।अब इजरायल की थल सेना भी आक्रमण करने पूरी तरह सक्षम एवं तैयार है ऐसी स्थिति में पूरी गाजा पट्टी संपूर्ण तबाह हो जाएगी और लगभग 20 लाख फिलिस्तीन निवासी नागरिक शरणार्थी बन चुके और बेघर भी हो चुके हैं। ईरान ने हमास को इसराइल पर आक्रमण के आदेश देने के समय तक यह नहीं सोचा था की स्थिति यहां तक बिगड़ जाएगी। चीन रूस जरूर ईरान के साथ हैं पर यह जरूरी नहीं है कि इसराइल और हमास की युद्ध से पैदा होने वाले विश्व युद्ध में वे ईरान और खाड़ी देशों का कितना साथ दे पाएंगे। भारत को भी हमास इजरायल युद्ध से चौकन्ना रहने की आवश्यकता होगी क्योंकि हमारा पड़ोसी पाकिस्तान भी हमास जैसे आतंकवादियों को बना देने का कई वर्षों से मुजरिम है और वह कभी भी आतंकवादियों के माध्यम से भारत में हमला कर सकता है तथा भारत को अपनी सीमा पर चौकसी बढ़ा देना चाहिए। इसके अलावा भारत ने अपनी नीति स्पष्ट करके रखी है, उसने हमास के आतंकवादियों का विरोध किया है पर फिलिस्तीन देश का वह कई वर्षों से समर्थन करता आया है और 38 टन मदद की रसद तथा दवाइयां उसने गाजा पट्टी पर भिजवाई भी है। भारत का दृष्टिकोण मानवतावादी है। उसने हमास का विरोध इसराइल पर आक्रमण करने के लिए किया है इसीलिए उसने इसराइल का समर्थन किया पर अब इजरायल के गाजा पट्टी पर निर्दोष लोगों के मारे जाने का विरोध भी किया है। अरब खाड़ी के कई देश भारत से यह उम्मीद लगाए बैठे हैं कि वह जॉर्डन,लेबनान, मिश्र, ईरान ,इराक और इजरायल, अमेरिका ,ब्रिटेन के नेताओं से चर्चा कर युद्ध विराम पर प्रभावी कदम उठाये। सबकी नजर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर है क्योंकि नरेंद्र मोदी के संबद्ध सभी देश के राष्ट्र प्रमुखों से मधुर है एवं भारत की नीति ही शांति संदेश देने की रही है। ऐसे में भारत एक प्रमुख शांति दूत के रूप में वैश्विक भूमिका निभा सकता है जो विश्व युद्ध रोकने में काफी कारगर होगी।

# क्या विपक्षी गठबंधन में सब ठीक है?

अजीत द्विवेदी

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश में विधानसभा की कुछ सीट नहीं देने के लिए कांग्रेस को निशाना बनाया तो कहा गया कि विपक्षी गठबंधन में फूट पड़ गई और यह टूट सकता है। उधर बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी कांग्रेस पर हमला किया तब भी यही कहा गया कि गठबंधन टूट सकता है और विपक्षी गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं है। इससे पहले वामपंथी पार्टियों ने अपने असर वाले राज्यों में तालमेल से इनकार किया तब भी विपक्षी गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं होने की खबरें चलीं। आम आदमी पार्टी को लेकर रोज आशंका जताई जाती है कि अरविंद केजरीवाल किसी भी समय विपक्षी गठबंधन 'इंडियाद्य को गच्चा दे सकते हैं। इस तरह की घटनाएं भाजपा के गठबंधन में भी हो रही हैं। हाल ही में तमिलनाडु में अन्ना डीएमके ने भाजपा से तालमेल तोड़ लिया है। आंध्र प्रदेश में पता ही नहीं चल रहा है कि भाजपा और टीडीपी का तालमेल होगा या परदे के पीछे से भाजपा वाईएसआर कांग्रेस से तार जोड़े रहेगी। पंजाब में भी अकाली दल के साथ उसका गठबंधन नहीं हो रहा है तो बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी के दोनों खेमों में घमासान चल रहा है, जिसकी पंचायत भाजपा को करनी है। हैरानी की बात है कि इसके बावजूद एनडीए के बिखरने या सब कुछ ठीक नहीं होने की खबरें नहीं आती हैं। यह भारतीय मीडिया का चरित्र है वह सत्तापक्ष की कमियां नहीं बता सकती है।

बहरहाल, विपक्षी गठबंधन 'इंडियाद्य का जो विवाद अभी दिख रहा है उस आधार पर किसी नतीजे पर पहुंचने की जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। क्योंकि अखिलेश यादव जो कह रहे हैं या नीतीश कुमार ने बिहार में जो कहा या सीपीएम का जो स्टैंड है वह सबकी अपनी अपनी राजनीति को लेकर है। हां, यह जरूर है कि अभी 'इंडियाद्य में सब कुछ ठीक नहीं लग रहा है। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि विपक्षी गठबंधन बिखरने जा रहा है और सभी पार्टियां मिल कर लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ सकती हैं। यह सही है कि विपक्षी गठबंधन की आखिरी बैठक 31 अगस्त और एक सितंबर को मुंबई में हुई थी। उसके बाद से कोई बैठक नहीं हुई है। समन्वय समिति की एक बैठक 13 सितंबर को हुई थी, जिसमें भोपाल में विपक्ष की साझा रैली करने की सहमति बनी थी लेकिन वह रैली भी टल गई क्योंकि मध्य प्रदेश के अध्यक्ष कमलनाथ चुनावी सीजन में ऐसे नेताओं से दूर रहना चाहते थे, जो सनातन का विरोध कर रहे थे। समन्वय समिति में टिकट बंटवारे को लेकर भी चर्चा हुई थी और कहा जा रहा था कि 31 अक्टूबर तक इस बारे में शुरुआती फैसला हो जाएगा। लेकिन अभी उस दिशा में भी काम आगे नहीं बढ़ा है।

इसका कारण यह है कि कांग्रेस इस समय विपक्षी गठबंधन की बैठक और सीट बंटवारे के काम में नहीं उलझाना चाहती है। इस समय पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव चल रहे हैं, जिसमें कांग्रेस का बहुत कुछ दांव पर लगा है। गठबंधन की बाकी पार्टियां इन राज्यों में नहीं हैं इसलिए उनकी चिंता आगे के चुनाव की है, जबकि कांग्रेस को इन पांच राज्यों की चिंता है। उसके सारे नेता राज्यों के उम्मीदवारों के चयन, रणनीति बनाने और प्रचार में बिजी हैं। इसलिए वे गठबंधन के बारे में नहीं सोच रहे हैं। दूसरी बात यह है कि कांग्रेस पांच राज्यों के चुनाव नतीजों से पहले विपक्षी पार्टियों के साथ सीट बंटवारे में नहीं पडऩा चाहती थी। कांग्रेस को लग रहा है कि पांच राज्यों में उसका प्रदर्शन बहुत अच्छा होगा और उसके बाद वह मोलभाव करने की बेहतर स्थिति में होगी। हालांकि यह जोखिम लेने वाली बात है क्योंकि अगर पांच राज्यों में कांग्रेस का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा तो उसकी मोलभाव करने की क्षमता कम भी हो सकती है और तब विपक्षी पार्टियां उस पर ज्यादा हावी हो जाएंगे। फिर भी कांग्रेस सोच समझ कर यह जोखिम ले रही है।

जहां तक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नाराजगी का सवाल है तो उसका मुख्य कारण यह है कि नीतीश ने ही विपक्षी गठबंधन बनाने की पहल की थी और पहली बैठक पटना में कराई थी। तभी से वे उम्मीद कर रहे हैं कि उनको विपक्षी गठबंधन का समन्वयक या संयोजक बनाया जा सकता है। लेकिन तीन बैठकों के बाद भी इस बारे में फैसला नहीं हुआ। इससे वे आहत हैं। तभी वे बिहार में कांग्रेस कोटे से एक और मंत्री बनाने का फैसला भी नहीं कर रहे हैं। इससे प्रदेश स्तर पर नाराजगी बढ़ रही है। यह भी कहा जा रहा है कि राजद और जदयू दोनों मिल कर कांग्रेस को कम से कम सीटें देना चाहते हैं। इसलिए कांग्रेस की ओर से भी दबाव की राजनीति हो रही है। तभी नीतीश कुमार ने बिहार में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में एक कार्यक्रम में कह दिया कि भाजपा नेताओं के साथ उनकी दोस्ती कभी खत्म नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने केंद्रीय विश्वविद्यालय के बारे में उनकी बात नहीं सुन रही थी, जबकि 2014 में बनी सरकार ने उनकी बात सुन ली। यह कांग्रेस पर दबाव बनाने की रणनीति के तहत उन्होंने कहा क्योंकि सबको पता है कि बिहार में दो केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने की मंजूरी कांग्रेस सरकार के समय ही हुई थी।

अखिलेश यादव की नाराजगी का कारण भी स्थानीय है। वे उत्तर प्रदेश में प्रदेश कांग्रेस की ओर से चलाए जा रहे अभियानों से आहत हैं। राज्य में कांग्रेस पार्टी दलित गौरव यात्रा निकाल रही है तो कांग्रेस के नेता मायावती से तालमेल के बारे में बात भी कर रहे हैं। इसी बीच कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी के लिए उसकी मांगी सीटें नहीं छोड़ीं तो अखिलेश यादव ने कहना शुरू कर दिया कि अगर राज्यों में गठबंधन नहीं हो सकता है तो राष्ट्रीय स्तर पर कैसे गठबंधन होगा। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस का रवैया यही रहा तो उस पर कौन भरोसा करेगा। हालांकि बाद में वे मान गए और विवाद खत्म किया। लेकिन इस बीच कांग्रेस और सपा नेताओं की ओर से भारी कटुता वाले बयान दिए गए थे। तभी यह कहा जाने लगा था कि विपक्षी गठबंधन बिखरने वाला है। लेकिन असल में ऐसा नहीं है। हर गठबंधन में पार्टियां बेहतर मोलभाव के लिए दबाव बनाती हैं और अंत में अपना हित देखते हुए समझौता करती हैं। 'इंडियाद्य के भीतर भी आखिरी समय तक यह खींचतान चलती रहेगी।

# शंकुस कैंसर अस्पताल का डीएम-एसपी ने किया उद्घाटन

रायबरेली(आरएनएस)। सिमहैंस हॉस्पिटल में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने शंकुस कैंसर हॉस्पिटल का फीता काटकर उद्घघाटन किया। शंकुस कैंसर हॉस्पिटल एक ग्रुप है जिसका यह 13वां अस्पताल भारत मे है उत्तर प्रदेश में यह उनका दूसरा अस्पताल है। इस कैंसर अस्पताल में रोजाना कैंसर पेशेंट की फ्री ओपीडी की जाएगी एवं कीमोथेरेपी एवं सर्जरी की भी सुविधा उपलब्ध है। इस अस्पताल में आयुष्मान कार्ड धारकों एवं मुख्यमंत्री योजना प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत जो भी मरीज की सर्जरी कीमोथेरेपी होनी है वह निशुल्क की जाएगी। सिमहैंस हॉस्पिटल का यह ऐतिहासिक कदम है कि जिले में कैंसर का पहला अस्पताल लाने में कामयाब रहे। सिमहैस हॉस्पिटल के निदेशक डॉ मनीष चौहान निदेशिका डॉक्टर ओमिका ने अपने विजन की ओर एक नया कदम रखा। हॉस्पिटल में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इंटेंसिव केयर



यूनिट का भी उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने सीमेंस हॉस्पिटल के द्वारा उठाए गए इस कदम की सराहना की और आयुष्मान के तहत मरीजों के कैंसर के निशुल्क इलाज के लिए उन्हें बधाइ दी। पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने भी निशुल्क कैंसर ओपीडी एवं आसमान के तहत निशुल्क कैंसर पेशेंट का इलाज की सुविधाओं के लिए अंकुश ग्रुप की सीईओ ग्रीष्म चौधरी हितेंद्र राज डॉ जिगिस कसाई एवं हेडिंग नेक्स्ट सर्जन डॉक्टर समीक्षा मिश्रा को बधाई दी। अंकुश ग्रुप की मार्केटिंग टीम की तरफ से श्री गौतम परमार एवं जितेंद्र रावल ने इस कार्यक्रम के आयोजन में अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया। अंकुश कैंसर हॉस्पिटल के उद्घाटन एवं सिमेंस हॉस्पिटल के इंटेंसिव केयर यूनिट के उद्घाटन के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर,डॉक्टर अल्ताफ हुसैन, डॉक्टर गीता शर्मा, डॉक्टर डॉ मौर्य के साथ समाज के अन्य सम्मानित नागरिकों ने आकर अस्पताल का भ्रमण किया एवं उसकी योजनाओं और उसके कार्यों को देखा ।

# विशाल दंगल एवं मेले का विधायक ने कराया आयोजन

लालगंज,रायबरेली(आरएनएस)। सरेनी विधानसभा विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह राजा अजय ने परंपरा का निर्वहन करते हुए गंगा के पावन तट पर स्थित खजूर गांव कोठी परिसर में विशाल दंगल एवं मेले का आयोजन दशहरा त्योहार के अवसर पर कराया। दंगल मे नामी गिरामी पहलवानों ने भाग लिया। इस अवसर पर राजा अजय ने कहा कि असत्य पर सत्य,अन्याय पर न्याय एवं नफरत पर मोहब्बत की विजय के पावन पर्व विजयदशमी पर दंगल और मेले का आयोजन किया गया है। दशहरा कार्यक्रम हमारे पूर्वज करते थे। उसी का निर्वहन करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे दिव्यांबर सिंह राजा बाबा ने कहा कि हमारे परिवार में सदियों से दंगल और मेले की प्रथा चली आ रही थी। इस परंपरा के अंतर्गत खजूर गांव कोठी में मेला और दंगल का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कार्यक्रम में आए हुए लोगों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि खजूर गांव कोठी से सदैव सभी को मदद मिली है और आगे भी मिलती रहेगी ।इस मौके पर लोगों ने मेले का भी जमकर लुफ्त उठाया। कार्यक्रम के मौके पर नरेंद्र सिंह ,बबलू बाजपेई, रामनाथ यादव आदि हजारों लोग मौजूद रहे।

# नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में उमड़ी भीड़





रायबरेली(आरएनएस) ।जनपद की सदर विधानसभा से तेजतर्रार महिला विधायक अदिति सिंह की अगुवाई में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद व महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य मौजूद रहीं। सम्मेलन कार्यक्रम में सदर विधानसभा क्षेत्र की हजारों की संख्या में महिलाओं ने प्रतिभाग किया। बताते चलें कि हाल ही में केन्द्र सरकार ने महिलाओं के हितों में 33 प्रतिशत सीटों पर आरक्षण दियें जाने हेतु नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल को मंजूरी दी गयी है। इस अधिनियम के लागू होने से देश एवं प्रदेश में 33 प्रतिशत सीटों को मातृशक्ति हेतु आरक्षित किया गया है। उक्त अधिनियम के पास होने के उपरान्त अधिनियम के प्रचार – प्रसार हेतु भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। तत्क्रम में सदर विधायक अदिति सिंह के नेतृत्व में हजारों की संख्या में उपस्थित महिलाओं को मातृशक्ति हेतु बने अधिनियम की जानकारी दी गयी और महिलाओं की हितों में भाजपा द्वारा किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद व महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य के साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ0 गोदावरी मिश्रा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूजा मिश्रा एवं वन्दना कश्यप, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सुधा अवस्थी, जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, पूर्व ब्लाक प्रमुख लक्ष्मी उपस्थित रहीं।

## लोक निर्माण मंत्री ने किया मुंशीपुलिया चौराहे एवं खुर्रमनगर चौराहे पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर का निरीक्षण

# फ्लाईओवर निर्माण से इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर लगने वाले जाम से मिलेगी निजात : जितिन

लखनऊ(संवाददाता)। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने आज यहां लखनऊ में राष्ट्रीय मार्ग मुंशीपुलिया चौराहे एवं खुर्रमनगर चौराहे पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। उन्होंने पॉलीटेक्निक ग्राउण्ड पर कास्टिंग यार्ड का भी निरीक्षण किया और फ्लाईओवर को आगामी जनवरी माह के अंत तक हर हाल में पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। यातायात सुगमता के लिए समानान्तर रूप से सर्विस रोड का निर्माण कराया जाये तथा समस्त कार्य पूर्ण गुणवत्ता, सुरक्षा एवं समयबद्धता से पूर्ण किया जाये।लोक निर्माण मंत्री द्वारा विभागीय अधिकारियों, ईपीसी कॉन्ट्रैक्टर तथा कंसल्टेंट के साथ कार्य की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। उनके द्वारा सर्विस रोड का निर्माण कार्य समानान्तर रूप से किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि यातायात को कोई दिक्कत न हो। निरीक्षण के समय राष्ट्रीय मार्ग के मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता व अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ने कहा कि मुंशीपुलिया फ्लाईओवर को पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 06 सितम्बर 2024 है, परन्तु विभाग द्वारा इस कार्य को जनवरी 2024 में ही समय से पूर्व पूर्ण किये जाने की लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार खुर्रमनगर फ्लाईओवर को निर्धारित तिथि जनवरी 2024 तक पूर्ण किये जाने का लक्ष्य है।श्री प्रसाद ने कहा कि इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर फ्लाईओवर के



निर्माण हेतु 120 करोड़ रुपये का आगणन भारत सरकार को प्रेषित किया जा चुका है तथा इसकी स्वीकृति शीघ्र की प्राप्त होने की संभावना है। इस फ्लाईओवर की लम्बाई 890 मी तथा चौड़ाई 22.50 मीटर प्रस्तावित है। फ्लाईओवर के निर्माण से इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर लगने वाले जाम से निजात मिलेगी तथा पॉलीटेक्निक चौराहा होते हुये सीतापुर की ओर जाने वाले वाहनों को सुगत यातायात उपलब्ध हो सकेगा। मुंशीगंज चौराहे पर फ्लाईओवर का निर्माण कार्य 135.56 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। इस फ्लाईओवर में 1400 मीटर लम्बाई का एलीवेटेड वायाडक्ट एवं 460 मीटर लम्बाई में दोनो ओर अप्रोच रोड एवं स्थानीय यातायात की सुविधा हेतु 3720 मीटर सर्विस रोड का प्राविधान रखा गया है। वर्तमान में गर्डर की कास्टिंग तेजी से कराई जा रही है जिसके लिये पॉलीटेक्निक ग्राउण्ड में कास्टिंग यार्ड स्थापित किया गया है। फाउण्डेशन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा पियर कास्टिंग व गर्डर लांचिंग का कार्य कराया जा रहा है।खुर्रमनगर चौराहे पर यातायात की सुविधा हेतु 1336 मीटर लम्बाई का एलीवेटेड फ्लाईओवर एवं 375 मीटर लम्बाई में दोनो ओर अप्रोच रोड, स्थानीय यातायात हेतु 3422 मीटर सर्विस रोड के प्राविधान सहित 200.66 करोड़ रुपये की लागत से कार्य कराया जा रहा है। परियोजना में कुल 69 स्पान का कार्य किया जाना है, जिसमें से वर्तमान कुकरैल नाले पर 76 मीटर स्पान तथा 50 मीटर लम्बाई के 4 स्पान का भी कार्य सम्मिलित है। कुल 69 स्पान में से अभी तक 34 स्पान पर डेक स्लैब स्तर तक का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सेक्टर–25 एवं बंधा रोड जंक्षन पर 50 मी स्टील गर्डर की लांचिंग का कार्य पूर्ण करा दिया गया है तथा खुर्रमनगर चौराहा तथा कल्याणपुर क्रासिंग पर नवम्बर तक गर्डर लांन्चिंग किया जाना लक्षित है।

# शरद पूर्णिमा पर मथुरा में सूरदास की तपोस्थली गोवर्धन के चंद्र सरोवर पर होगे विभिन्न कार्यक्रम-जयवीर सिंह



लखनऊ(संवाददाता)। सूरदास की तपोस्थली गोवर्धन के गांव परासौली स्थित चंद्र सरोवर पर शरद पूर्णिमा को शरदोत्सव का आयोजन किया गया है। इस आयोजन के माध्यम से द्वापरयुग की शोभा को जीवंत करने का प्रयास किया जायेगा। इस कार्यक्रम के दौरान गोपी–गीत तथा पद गायन किया जायेगा। इस आयोजन के दौरान हजारों की संख्या में दीप प्रज्वलित करके चंद्र सरोवर को जगमगाया जायेगा। शरद पूर्णिमा के दिन समूचे ब्रज में प्रेम और रस भाव की दिव्यता के साथ शरदोत्सव मनाया जाएगा। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि गोवर्धन के गांव परासौली स्थित चंद्र सरोवर पर महारास की अनूठी परंपरा है। चंद्र सरोवर के किनारे सूर कुटी ही सूरदास की साधना स्थली है, जहां उन्होने कालजयी पदों की रचना की थी। उन्होंने बताया कि ब्रज तीर्थ विकास परिषद मथुरा ने महारास की इस परंपरा को जीवित रखने और उसे नयापन देने के लिए पिछले कुछ वर्ष से प्रयास शुरू किया है। परासौली के चंद्र सरोवर के किनारे परिषद द्वारा तैयार कराये गये ओपन एयर थिएटर ओएटी में शरद पूर्णिमा को 28 अक्टूबर सायं 06 बजे से रात 09 बजे तक धवल चांदनी में लगभग दो दर्जन महिला व पुरुष कलाकार महारास की प्रस्तुति देगें। इस बार शरदोत्सव पर कुछ मंदिरों मे ग्रहण के कारण यह पर्व 27 अक्टूबर को मनाया जाएगा। सूरदास की तपोस्थली गोवर्धन के गॉव परासौली स्थित चंद्र सरोवर पर शरद पूर्णिमा को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करके मथुरा की गौरवशाली एवं समृद्ध परम्परा को श्रद्धालुओं के बीच प्रदर्शित की जायेगी। शरदोत्सव को जीवंत बनाकर आगन्तुकों को इसकी महत्ता एवं इसमें छिपे हुए संदेश को देने का प्रयास किया जायेगा। ब्रज तीर्थ विकास परिषद मथुरा को कार्यक्रमों को दिव्यता एवं भव्यता के साथ आयोजित कराने के निर्देश दिये गए हैं।

## श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने एक्स पर लिखा, 500 वर्षों के संघर्ष की परिणति

अयोध्या(संवाददाता)। अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर का 26 अक्टूबर को नया वीडियो सामने आया है। इसमें गर्भगृह, प्रवेश द्वार, फर्स्ट फ्लोर पर चल रहे निर्माण कार्य को पूरा होना दिखाया गया है। इसके साथ ही ग्राउंड फ्लोर की दीवारों पर उकेरी गई मूर्तियों और नक्काशी को कारीगर फाइनल टच देते हुए दिख रहे हैं। यह वीडियो 30 सेकेंड का है। गुरुवार को इसे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया और लिखा, 500 वर्षों के संघर्ष की परिणति। वीडियो के बैकग्राउंड में अयोध्या करती है आह्वान, ठाट से कर मंदिर निर्माण. ..गीत चल रहा है। इसके पहले शॉट में राम मंदिर के विहंगम दृश्य को दिखाया गया है। दूसरे शॉट में कलाकार खंभे पर लगे मूर्तियों को फाइनल टच देते हुए दिख रहे हैं। इसके बाद तीसरे शॉट में छत पर लगने वाले पत्थरों को कारीगर तराशते नजर आ रहे हैं। चौथे शॉट में गर्भगृह में जलते अखंड ज्योति को दिखाया गया है। पांचवें में गर्भगृह के अंदर की नक्काशी दिखाई गई है।

# सड़क निर्माण व गुणवत्ता की जानकारी दिए जाने के संबंध में डीएम को लिखा पत्र

(जिला संवाददाता)
सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर को पत्र लिखकर सड़क निर्माण व गुणवत्ता की जानकारी संबंधित विभाग के माध्यम से दिए जाने की मांग की है।पत्र में उन्होंने कहा कि लोक विभाग के प्रान्तीय निर्माण वितीय वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 मे सड़कों का निर्माण कराया गया है।उनकी गुणवत्ता समयबद्धता मानक के अनुसार की जा रही है या नहीं।इस सम्बन्ध में आज तक कोई जानकारी नहीं उपलब्ध करायी गयी,आये दिन क्षेत्रीय जनता द्वारा विकास कार्यों को लेकर शिकायत की जाती है। चूंकि विभाग द्वारा उपरोक्त कार्यों को कभी संज्ञान में न लाये जाने से बड़ी ही हास्यप्रद स्थिति का सामना करना पड़ता है।चूंकि सड़कों का कभी भी भूमि पूजन शिलान्यास लोकार्पण न कराये जाने से मैं अपने देवतुल्य जनता को कोई जानकारी नहीं दे पा रहा हूँ।उन्होंने आगे कहा कि इस सम्बन्ध में आप अपने स्तर से एक टीम गठित कर दें और उक्त टीम को निर्देशित करे कि मुझे भी जाँच के दौरान शामिल किया जाय, समय व तिथि के लिए मुझे अवगत कराया जाय।सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा सांठ–गांठ कर ठेकेदारों का भुगतान कर दिया जाता है।बाद में अपनी प्रोन्नति या स्थानान्तरण कराकर अपने को दूर कर लेते हैं और जाँच चलती रहती है,चूंकि जनता विधायक होने के कारण जवाब मागती है और में जवाब नहीं दे पाता हूँ।उन्होंने यह भी कहा कि मेरी जानकारी में लाया गया है कि विभागीय अधिकारियों से कतिपय साठगांठ कर ठेकेदारों द्वारा नियमों को तोड़–मरोड़ कर अपने भुगतान कराये जाने का प्रयास किया जा रहा है।इस सम्बन्ध में मैं चाहूंगा कि जबतक स्थलीय निरीक्षण न हो जाये तब तक भुगतान न किया जाये।निरीक्षणोपरान्त कार्य सही पाये जाने के पश्चात सभी ठेकेदारों का भुगतान वरीयता के अनुसार करा दिया जाये,जिससे क्षेत्रीय जनता भी सन्तुष्ट हो जाये एवं ठेकेदार भी अपने कार्यों का भुगतान प्राप्त कर अपने अगले कार्यों को सुचारू रूप से करें।इस संबंध में जिलाधिकारी सिद्धार्थ नगर पवन अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विकास कार्यों व कार्यक्रमों के अवसर पर होने वाले भूमि पूजन,शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम में उन्हें सूचित किया जाए और कार्यक्रमों में शामिल किया जाए।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला

हरदोई(संवाददाता)। रसखान प्रेक्षागृह में समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, नायब तहसीलदारों, सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि कल 27 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्य मे पूरी तरह से निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता के साथ कराया जाए। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूरी तरह से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। मतदाता सूची तत्काल सुपरवाइजरों के माध्यम से बीएलओ को उपलब्ध करायी जाए। ईआरओ आयोग के निर्देशों के क्रम में पदावीत अधिकारियों की नियुक्ति सुनिश्चित करें। बीएलओ बूथ पर अपना व्यवहार ठीक रखें। सभी ईआरओ सूचना प्रेषण हेतु विधानसभा वार वाट्सएप ग्रुप बनाएं। वोटर लिस्ट की प्रविष्टि में संशोधन, मतदाता पहचान पत्र में फोटो प्रतिस्थापन, दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन व निवास परिवर्तन के लिए फॉर्म 8 प्रयोग करें। नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए फॉर्म जोड़ने के लिए फॉर्म 6 व नाम हटाने के लिए फॉर्म 7 का प्रयोग किया जाए। प्रक्रिया का प्रचार प्रसार विभिन्न माध्यमों से किया जाए। कोई मतदाता न छूटे के भाव के साथ कार्य किया जाए। विशेष नामित अधिकारी संस्थानों में मतदाता जागरूकता फोरम के साथ बैठक करें। एनएसएस व स्काउट गाइड की मदद ली जाए। डिग्री कॉलेजों को चिन्हित कर कैम्प लगवाए जाएं। जेंडर रेशियो, 18–19 आयुवर्ग, 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग, दिव्यांग मतदाताओं व इपी रेशियो के मानकों को पुनरीक्षण के दौरान ध्यान में रखा जाए। इस संबंध में बूथवार आंकड़े को लेकर कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए। मतदाता सूची में नाम देखने के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। इसके लिए मोबाइल पर वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड किया जा सकता है। ईआरओ समय–समय पर मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करें। सभी बीएलओ की सूची मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराएं तथा बीएलए की सूची प्राप्त कर लें।

# मेरी मॉटी मेरा देश, मिट्टी कार्यक्रम से लोगों में देश प्रति सर्मपण की भावना जागी हैं : जय प्रकाश रावत

हरदोई(संवाददाता)। रसखान प्रेक्षागृह में मेरी माटी मेरा देश, मिट्टी को नमन, वीर वंदन अमृत कलश यात्रा, देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों को सर्मपित कार्यक्रम एवं मिशन शक्ति के तहत आयोजित भव्य कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद हरदोई जय प्रकाश रावत ने विशिष्ट तिथि सांसद अशोक रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर सांसद जय प्रकाश रावत ने कहा कि देश के लोगों को एक सूत्र में बांधने के लिए प्रधानमंत्री जी द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया जा रहा है ताकि लोग अपने देश एवं देश की मॉटी के प्रति सर्मपित हो और देश के उत्थान के लिए आगे आये। उन्होने कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान के लिए जिलाधिकारी एवं जिला प्रशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्र–छात्राओं में उत्साह बढ़ता है और वह देश के प्रति होने वाले रंगारंग कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते है। सांसद ने कहा आज मिशन शक्ति के तहत महिलों एवं बालिकाओं का आत्म सम्मान बढ़ा है और अब वह निडर होकर किसी भी समय घर के बाहर निकल सकती है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सांसद अशोक रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मेरी मॉटी मेरा देश कार्यक्रम से गांव–गांव के लोगों में देश प्रेम की भावना को जागृत किया है तथा बलिदानियों के प्रति सम्मान बढ़ा है और मिशन शक्ति अभियान से महिलाओं में जागरूकता आयी है और अब वह हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष, भाजपा जिलाध्यक्ष तथा विधायक सवायजपुर माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने भी भव्य कार्यक्रम के आयोजन पर जिला प्रशासन की प्रशंसा करते हुए मेरी मॉटी मेरा देश तथा मिशन शक्ति के बारे में लोगों को बताया। कार्यक्रम में आये अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मेरी मॉटी मेरा देश तथा मिशन शक्ति कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने में जनपद के जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं का विशेष योगदान रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों एवं छात्राओं से कहा कि 27 अक्टूबर 2023 से मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ हो रहा है और जो लोग 01 जनवरी 2024 को 18 की आयु पूर्ण कर रहे है या जिनका मतदाता पहचान पत्र अभी तक नहीं बना है वह अपने बूथ पर जाकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करायें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने मेरी मॉटी मेरा देश कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली नगरीय निकाय, विकास खण्ड, महिला पुलिस कर्मियों, शिक्षकाओं, महिला ग्राम प्रधानों तथा छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य अतिथि ने उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों एवं छात्र–छात्राओं को पंच प्रण की शपथ दिलायी और राष्टगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र, भाजपा उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित, पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, नगर मजिस्ट्रेट प्रशांत तिवारी, जिला विकास अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, डीडी कृषि, जिला पंचायत राज अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# भरत मिलाप के साथ रामलीला समारोह का हुआ समापन

लालगंज,रायबरेली(आरएनएस) ।श्री जन कल्याण समिति ऐहार के तत्वाधान में चल रहे रामलीला मंचन एवं विजयदशमी समारोह कार्यक्रम का भरत मिलाप नाटक के साथ समापन हो गया है। श्री रामलीला मंचन के प्रमुख संयोजक कीर्ति मनोहर शुक्ला और अनुज अवस्थी ने बताया कि श्री बाल्हेश्वर मंदिर से राम, लक्ष्मण, रावण, मेघनाथ सहित भव्य शोभा यात्रा ऐहार पहुंची। पंडित झिलमिल महाराज ने पूजा अर्चना की और मनोहारी लीला का मंचन हुआ। श्री रामलीला मंचन में राम का अभिनय शिवाजी बाजपेई, लक्ष्मण का मिट्ठू शुक्ला, सीता का सिद्धार्थ मिश्रा, हनुमान का सत्यम, रावण का दीपू शुक्ला, मेघनाथ का उमंग द्विवेदी के द्वारा किया गया अभिनय बहुत ही सराहनीय रहा । जय दुर्गे नाटक के मंचन में राजेश मिश्रा, अनूप पांडेय, जितेंद्र त्रिपाठी, उत्तम मिश्रा, दुर्गेश शुक्ला, आयुष पांडेय, राजा शुक्ला, अंकित पांडेय, का विशेष योगदान रहा। रावण का पुतला तैयार करने में अनुपम अवस्थी बबुआ, श्यामू शुक्ला, अर्नव शुक्ला, आनंद कुमार अवस्थी, अनुराग शुक्ला, राकेश मिश्रा आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संचालन समिति के मंत्री कीर्ति मनोहर शुक्ला ने किया तथा व्यवस्था कोषाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने देखी जिसमें समिति के उपाध्यक्ष महेंद्र मिश्रा, उमेश पांडेय, राज किशोर पांडेय, अभिषेक शुक्ला, अतुल पांडेय, धूनम शुक्ला, पूनम शुक्ला, दिसू शुक्ला बबुआ अवस्थी, मिक्कू शुक्ला, अनुज अवस्थी, अतुल मिश्रा,मोनू मिश्रा, रामू वर्मा, लवलेश पासवान झब्बू बाजपेई हरिओम बाजपेई , सधोले प्रसाद शुक्ला तथा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश फौजी का सराहनीय योगदान रहा। आनंद अवस्थी को सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ता चयनित किया गया।

# डीएम के आग्रह पर अनिश्चितकालीन धरना खत्म जमीन पर किसानों संग बैठे डीएम- सीडीओ, किया संवाद, घर लौटे किसान






निज संवाददाता

लखीमपुर खीरी । तराई संघर्ष महासंघ के तत्वावधान में जनपद खीरी में गत 15 अक्टूबर से सिंधिया फॉर्म गुरुद्वारे के पास संचालित अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के अनुरोध एवम् वार्ता के क्रम में सर्वसम्मति से समाप्त हुआ।शुक्रवार की दोपहर 12 बजे डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह, एसडीएम श्रद्धा सिंह रत्नाकर मिश्रा संग सिंधिया फॉर्म स्थित धरना स्थल पहुंचे, जहां डीएम किसानों के साथ जमीन पर ही बैठ गए। यह देख किसानों ने उनके सम्मान में तालियां बजाई।किसानों से संवाद करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि आपकी पीड़ा में शासन–प्रशासन आपके साथ है। आपके ज्ञापन में उल्लेखित सभी बातों से शासन में सर्वोच्च स्तर तक पहुंचा दी है। इसी क्रम में गत 25 अक्टूबर को अपर मुख्य सचिव (राजस्व) की अध्यक्षता में सर्वोच्च स्तर पर बैठक हुई, जिसमें उन्होंने स्वयं प्रमुखता से उनकी मांगों को शासन के समक्ष रखा। उस बैठक में हुए विचार विमर्श के क्रम में जो मुख्य सचिव उप्र शासन से जो निर्णय होगा। उस निर्णय से प्रशासन अवगत कराएगा। इस उच्च स्तरीय बैठक में राजस्व, सिंचाई, राहत, बाढ़ सहित सभी संबंधित विभागों के उच्च स्तरीय अफसर शामिल हुए। इस दौरान किसानों ने फ्लड प्लेन जोन के बाहर बेला सिकटिहा के पास नदी से धारा निकलती है, जिससे नुकसान होने की बात कहते हुए इसे बंद करने की मांग की। जिस पर प्रशासन ने जल्द ही इस समस्या के निदान करने की बात कही

इस दौरान तराई संघर्ष महासंघ पदाधिकारी ने वहां मौजूद किसानों एवं ग्राम वासियों की सहमति से धरने को स्थगित करने की घोषणा की। अंत में डीएम ने मौजूद लोगों का आभार ज्ञापित किया। इस दौरान सीडीओ अनिल कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी श्रद्धा सिंह, रत्नाकर मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक फूलबेहड़ सहित प्रशासनिक अधिकारी गण मौजूद रहे

# एंटी करप्शन कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने वाराणसी सहित अन्य जनपदों का किया दौरा, सुनी समस्याएं




निज संवाददाता

वाराणसी। एंटी करप्शन कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह द्वारा रानीपुर में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि वाराणसी, चंदौली, जौनपुर, भदोही, कौशांबी सहित अन्य जगहों का दौरा किया है। जिसमें लोगों द्वारा उन्हें पत्रक देकर अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में घोटाला, जमीन से जुड़े मामले सामने आए है। वहीं, उन्होंने वाराणसी के रानीपुर में स्थित बारात घर के बारे में जिक्र करते हुए बताया कि यहां पर पोखरी में बारात घर बनाया जा रहा है । जिसको लेकर जिलाधिकारी से लेकर बात की गई तो उन्होंने बारात घर बनने पर रोक एवं दीवार गिरने का आदेश दिया है, पर रोक लगने के बावजूद दीवार गिरने का काम नहीं किया गया है। सुजीत कुमार सिंह ने आगे बताया कि इन सब मुद्दों को लेकर वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं एंटी करप्शन कमेटी के अध्यक्ष को पत्रक लिखकर इन मामलों को अवगत कराने का काम किया जाएगा जिससे जल्द से जल्द समस्या का निवारण हो सके। उन्होंने आगे कहा कि इसके बावजूद भी अगर इन समस्याओं की सुनवाई नहीं होती है तो वह हाई कोर्ट में जाकर याचिका दायर करेंगे जिससे लोगों को समस्याएं दूर हो सके

## महिला अस्पताल में महिला और उसके बच्चे की मौत, अस्पताल में जमकर हंगामा

आगरा,(संवाददाता)। आगरा के जिला महिला अस्पताल में चिकित्सकों की लापरवाही के चलते एक जच्चा और बच्चा दोनों की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि जब हमने अपने मरीज को अस्पताल में भर्ती किया था। उस समय वह बिल्कुल सही थे। नर्स और चिकित्सकों की लापरवाही की वजह से मरीज की मौत हो गई है। उसके पेट में जो बच्चा था, उसकी भी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों ने जिला महिला अस्पताल में जमकर हंगामा किया। किसी तरह उन्हें शांत कराया गया।

आगरा के मधु नगर निवासी जीतू अपनी पत्नी काजल की डिलीवरी कराने के लिए जिला महिला अस्पताल में गुरुवार रात करीब 9.00 बजे लेकर आए थे। इसके बाद उसे भर्ती कर दिया गया। अस्पताल में मौजूद महिला कर्मचारियों का कहना था कि आपकी पत्नी की जल्दी ही डिलीवरी हो जाएगी। लेकिन देर रात तक महिला की डिलीवरी नहीं हुई। शुक्रवार सुबह करीब 9रू00 बजे इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। जिससे परिजन काफी गुस्सा गए और उन्होंने जिला महिला अस्पताल में हंगामा किया। चिकित्सकों व कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। मधु नगर में जिस घर में जीतू किराए पर रहता है। उस घर की मकान मालकिन सोनिया ने बताया कि जीत की आर्थिक स्थिति सही नहीं है। ऐसे में उसकी पत्नी को डिलीवरी के लिए जिला महिला अस्पताल में भर्ती किया था, लेकिन चिकित्सकों की लापरवाही से महिला और उसके पेट में मौजूद बच्चा दोनों खत्म हो गए।

मृतक महिला काजल के पड़ोस में रहने वाली एक और महिला जिला अस्पताल में उसकी देखभाल के लिए आई थी। उन्होंने बताया कि रात को हमने अपने मरीज को यहां पर भर्ती किया। लेकिन डिलीवरी नहीं हो रही थी। इस दौरान महिला कर्मचारियों ने काजल के पेट में घूसे और लात मारी थी। मैंने इसलिए नहीं रोका, क्योंकि मुझे लगा शायद नॉर्मल डिलीवरी के लिए ऐसा किया जाता होगा। वहीं महिला कर्मचारियों ने काफी अभद्रता भी की। वहीं काजल के पति जीतू ने बताया कि रात को 10.30 बजे मैंने अपनी पत्नी को अस्पताल में भर्ती किया था। 6 नंबर वार्ड में मेरी पत्नी भर्ती हुई थी। डॉक्टर ने सुबह 4.00 बजे डिलीवरी का समय दिया था। जब सुबह दर्द होने लगे तो डॉक्टर आए लेकिन डिलीवरी नहीं हो रही थी। इस दौरान मेरी पत्नी के साथ मारपीट की गई। उसके पेट पर घूसे मारे गए। करीब सुबह 7.00 बजे मुझसे कहा गया कि अपनी पत्नी को अब आप एसएन मेडिकल कॉलेज ले जाओ। यह केस हमारे हाथ से निकल गया है। पति जीतू ने बताया कि जब डाक्टरों ने पत्नी को रेफर किया तो उस समय उसकी हालत बहुत खराब थी। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि रात को करीब 10.30 से 11.00 बजे के आसपास महिला जिला महिला अस्पताल में भर्ती हुई थी। महिला की हालत ज्यादा खराब थी। अस्पताल में डिलीवरी नहीं हो पा रही थी। इसीलिए उसे एसएन मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया था। लेकिन एसएन ले जाने से पहले ही रास्ते में महिला की मौत हो गई।जिला महिला अस्पताल की अधीक्षक का डॉ नीलम रानी का कहना है कि महिला को अस्पताल में डिलीवरी के लिए भर्ती किया गया था। पेट में बच्चे ने पॉटी कर दी थी, जिसकी वजह से इंफेक्शन फैलने का डर था। ऐसे में महिला को परेशानी हो सकती थी।

# चौकी प्रभारी कस्बा खीरी से थाना प्रभारी पसगवां बनाए गए दीपक राठौर हुआ विदाई समारोह



निज संवाददाता

लखीमपुर खीरी ।प्रभारी निरीक्षक थाना खीरी अरविंद कुमार पाण्डेय ने मिष्ठान खिलाकर उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर इंस्पेक्टर क्राइम थाना खीरी उमेश त्रिपाठी, उप निरीक्षक अशोक कुमार यादव, उप निरीक्षक उदयभान मिश्रा, उप निरीक्षक देवेन्द्र बहादुर सिंह दीवान इंद्रेश कुमार, हेड कांस्टेबल मनीष यादव।,

कांस्टेबल पुष्पेंद्र कुमार, कांस्टेबल अनूप कुमार, कौशलेंद्र मिश्र, कांस्टेबल अंकित चौहान, कांस्टेबल माइकल सिंह, कांस्टेबल चंद्रपाल सैनी, कांस्टेबल दीपक कुमार सहित समस्त पुलिस बल मौजूद रहा।

## थाना मितौली पुलिस द्वारा एक वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार




निज संवाददाता

लखीमपुर खीरीपुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना मितौली पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभि0 उदयराज पुत्र बचानलाल नि0 मूसेपुर थाना मितौली जनपद खीरी सम्बन्धित एनबीडब्ल्यू अपर मुख्य न्यायिक मजि0 लखीमपुर खीरी मु0न0– 927/22 राज्य प्रति उदयराज धारा 60 आबकारी अधि0 थाना नीमगांव जनपद खीरी ता0 पेशी 03.11.2023 थाना मितौली जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

## ज्वैलर्स को लूटने वाले तीनों बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़,एक के पैर में गोली लगी

आगरा,(संवाददाता)। आगरा में ज्वेलर को लूटने वाले तीनों बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनके पास से लूट का माल भी बरामद हुआ है। उसने पूछताछ में बताया कि पत्नी के लिए उसने लूट की, उसे महंगे गहने पहनने का शौक है। 3 दिन पहले, मंगलवार को करकुंज चौराहा पर पीएस ज्वेलर्स पर दिनदहाड़े लूट हुई थी। बदमाशों ने कारोबारी को बंधक बनाकर करीब साढ़े पांच लाख रुपए की ज्वेलरी और कैश लूट लिया था। वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई थी। बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें लगी थीं। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि गुरुवार रात को सिकंदरा के जेसीबी चौराहे पर पुलिस ने संदिग्ध लोगों को देखा।


# मंत्री /क्षेत्रीय विधायक ने मंडी समिति में लगे धान क्रय केंद्रो का किया औचक निरीक्षण




निज संवाददाता

मोहम्मदी खीरी– मंत्री/क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर के सरकारी धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। जहां कुछ खामियां मिलने पर उन्होंने मंडी कर्मियों को व्यवस्था दुरुस्त करने निर्देश देने के साथ ही किसानो को कोई भी समस्या नही आनी चाहिए मंत्री/विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने मंडी समिति में लगे सरकारी क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। नमी मानक के अनुरूप धान की नमी के बारे में भी जानकारी ली विधायक ने बताया कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि प्रत्येक अन्नदाता को फसल का पूरा दाम मिले, जिसके लिए सरकार प्रयत्नशील है। किसानों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष सौरव गुप्ता, सुशील त्रिवेदी,सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया



निज संवाददाता

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा पुलिस लाईन्स ग्राउंड पर शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में क्षेत्राधिकारी लाइन्स, पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। निरीक्षण के पश्चात परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ–सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात महोदय द्वारा एमटी शाखा व क्वार्टर गार्द का निरीक्षण किया गया। गार्द कमांडरों के रजिस्टरों की चेकिंग कर आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए। महोदय द्वारा पुलिस लाइन में स्थित समस्त कार्यालयों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। तथा अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। समस्त रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख–रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया।

# थाना तिकुनियाँ पुलिस द्वारा,09 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार




निज संवाददाता

लखीमपुर खीरी ।पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना तिकुनियाँ पुलिस टीम द्वारा 09 वारण्टी अभियुक्तगण 1. विनय कुमार पुत्र नेकप्रसाद नि0 ग्राम बनवीरपुर थाना तिकुनियां जनपद खीरी सम्बन्धित अपराध सं0 253/08 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 थाना तिकुनियां जनपद खीरी 2. बलविन्दर उर्फ पम्मा पुत्र अमर सिंह निवासी दरबारा फार्म चक्करपुर थाना तिकुनिया जनपद खीरी सम्बन्धित वाद सं0 224/22 धारा 60म्म ।ब्ज थाना तिकुनिया जनपद खीरी पेशी दिनांक 07/11/2023 वाद सं0 1114/22 सरकार बनाम बलबिन्दर सिह उर्फ पम्मा 3.तुलाराम पुत्र भागीरथ नि0 नई बस्ती( चौभुर्जी ) थाना तिकुनिया जनपद खीरी सरकार बनाम तुलाराम वाद सं0 2776/23 अ0सं0 175/02 धारा 60 /62 म्म ।ब्ज थाना तिकुनिया जनपद खीरी पेशी दिनांक 15/11/23 4.मयाराम पुत्र बंधू नि0 नई बस्ती( चौभुर्जी ) थाना तिकुनिया जनपद खीरी सरकार बनाम अशोक कुमार नाई वाद सं0 2784/23 अ0सं0 23/02 धारा 452/323/324/506 भादवि थाना तिकुनिया जनपद खीरी जिला खीरी पेशी दिनांक 15.11.2023 5.अशोक कुमार पुत्र सभापति नि0 नई बस्ती( सूरतनगर ) थाना तिकुनिया जनपद खीरी औसत सरकार बनाम अशोक कुमार नाई वाद सं0 2784/23 अ0सं0 23/02 धारा 452/323/324/506 भादवि थाना तिकुनिया जनपद खीरी जिला खीरी पेशी दिनांक 15.11.2023 6. रामनरायन पुत्र बन्धू नि0 नई बस्ती( सूरतनगर) थाना तिकुनिया जनपद खीरी सरकार बनाम अशोक कुमार नाई वाद सं0 2784/23 अ0सं0 23/02 धारा 452/323/324/506 भादवि थाना तिकुनिया जनपद खीरी जिला खीरी पेशी दिनांक 15.11.2023 7.रंजीत पुत्र रामसेवक नि0 डांगा थाना तिकुनियां जनपद खीरी 8. लीलू पुत्र कल्लू नि0 डांगा थाना तिकुनियां जनपद खीरी सर्वसम्बन्धित अपराध सं0 17/06 धारा 380/411 भादवि थाना तिकुनियां जनपद खीरी, वाद सं0 5350/23 सरकार बनाम लीलू आ0 न्यायिक मजिस्ट्रेट वाह्य न्यायालय निघासन जिला खीरी, पेशी दिनांक 06.12.23 9.अतहर खां पुत्र अजहर खां नि0 तकियापुरवा थाना तिकुनियां जनपद खीरी संबन्धित अ0सं0– 01/92 धारा 380/511 भादवि पेशी दिनांक 09/11/23 थाना तिकुनिया जनपद खीरी सर्वसंबन्धित जेएम निघासन न्यायिक मजिस्ट्रेट वाह्य न्यायालय निघासन जिला खीरी को उनके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया ।अभियुक्तगण उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा

# पटेल जयंती पर जिलाधिकारी ने अधिकारी, कर्मचारियों को दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

## सीडीओ ने विकास भवन में दिलाई शपथ तथा एडीएम ने स्टेडियम में दौड़ एवं रैली का किया शुभारंभ






कासगंज (अनिल कुमार)। भारत रत्न लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयंती, मंगलवार 31 अक्टूबर 2023 को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। जिले के समस्त विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में भी लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी और रैलियां निकाली गईं, जिनमें राष्ट्रीय एकता एवं देशभक्ति के नारों एवं गीतों का गायन कराया गया तथा देश की एकता, अखण्डता एवं सुरक्षा से सम्बंधित शपथ ली गई। जिलाधिकारी सुधा वर्मा एवं अपर जिलाधिकारी डा0 वैभव शर्मा द्वारा पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्वांजलि अर्पित की गई।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई कि–मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिये स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह सन्देश फैलाने का भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं जिसे सरदार बल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी डा0 वैभव शर्मा, एसडीएम विनोद जोशी, जिला आबकारी अधिकारी सहित कलेक्ट्रेट स्थित समस्त विभागों एवं अनुभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी सचिन की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विकास से सम्बंधित समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखण्डता व सुरक्षा को बनाये रखने से सम्बंधित शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर समस्त विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयंती पर अपर जिलाधिकारी डा0 वैभव शर्मा एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्वांजलि अर्पित की गई। स्टेडियम में छात्र छात्राओं व स्काउट गाइड्स व एनसीसी कैडिट्स एवं खिलाड़ियों द्वारा निकाली गई रैली एवं दौड़ का हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया तथा सभी को राष्ट्रीय एकता, अखण्डता एवं सुरक्षा से सम्बंधित शपथ दिलाई गई।

## कासगंज के सभी थानों में हुआ थाना समाधान दिवस

कासगंज (अनिल कुमार)। खबर जनपद कासगंज की है जहां आज जनपद के समस्त थानो में किया गया थाना दिवस का आयोजन आपको बताते चलें आज दिनाँक 28.10.2023 को जनपद के प्रत्येक थाने में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, इस दौरान जिलाधिकारी कासगंज श्रीमती सुधा वर्मा व पुलिस अधीक्षक कासगंज श्री सौरभ दीक्षित द्वारा थाना गंजडुण्डवारा एवं थाना सहावर पर उपस्थित रहकर लोगों की जनसमस्याएं सुनकर उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही राजस्व संबंधी प्रकरणों में राजस्व विभाग के साथ समन्वय बनाकर जल्द से जल्द निस्तारण कराने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । इसी दौरान पुलिस अधीक्षक कासगंज द्वारा ये भी स्पष्ट किया गया कि थाना व तहसील दिवस पर आने वाले प्रकरणों को कतई लंबित न रखा जाए, लोगों की शिकायतों पर संवेदनशीलता दिखाते हुए उसे तुरंत निस्तारित किया जाए तथा थाना दिवस में आए आवेदन पत्रों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर तय समयावधि में किया जाए। साथ ही, निस्तारित की गई समस्या की जानकारी शिकायतकर्ता को भी उपलब्ध कराई जाए। जरूरत पड़ने पर शिकायतकर्ता की मौके पर जाकर समस्या निपटाई जाए।

थाना समाधान दिवस के अवसर थाना गंजडुण्डवारा पर क्षेत्राधिकारी पटियाली, थाना प्रभारी गंजडुण्डवारा व राजस्व विभाग की टीम एवं थाना सहावर पर थानाध्यक्ष सहावर व राजस्व विभाग की टीम आदि अधिकारीध्कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## जिलाध्यक्ष अपना दल (एस) शमीम अल्वी के नेंतृत्व में हुई बैठक

कासगंज (अनिल कुमार)। शुक्रवार को जिला कार्यालय अपना दल (एस) बिजली घर नंबर 1 के सामने निकट बिलराम गेट चौराहा कासगंज पर जिला मीडिया सचिव अपना दल (एस) जनपद कासगंज चौधरी इमरानुद्दीन खांन नें महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि जिलाध्यक्ष अपना दल (एस) जनपद कासगंज शमीम अहमद अल्वी के नेंतृत्व में अपना दल (एस) कार्यकर्ताओ के साथ एक प्रतिनिधिमण्डल लखनऊ पर पहुँचकर मा0 केशव प्रसाद मौर्य जी उपमुख्यमन्त्री उत्तर प्रदेश शासन तथा 'मा0 दानिश आजाद अंसारी जी अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम बक्फ एवं हज राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश शासन से संयुक्त रूप से बुकेंध्फूलो का गुलदस्ता देकर शिष्टाचार भेंट वार्ता की!

तत्पश्चात जिलाध्यक्ष शमीम अहमद अल्वी नें जनपद कासगंज की विभिन्न जन समस्याओ से मा0 केशव प्रसाद मौर्य जी उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को प्रमुख रूप से अवगत कराया उन्होंने तुरंत उच्च अधिकारियों से फोन वार्ता कर जन समस्याओ का समाधान करने का कार्य किया! वही मा0 दानिश आजाद अंसारी जी अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम बक्फ एवं हजराज मंत्री उत्तर प्रदेश शासन को जिलाध्यक्ष शमीम अहमद अल्वी नें जनपद कासगंज अल्पसंख्यकों की जनहित समस्याओं से अवगत कराया!

मा0 दानिश आजाद अंसारी जी अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम बक्फ एवं हज राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन नें जनपद कासगंज के अल्पसंख्यकों की जन समस्याओं को लेकर उच्च अधिकारियों से फोन वार्ता कर समस्याओं के समाधान करने का काम किया! कासगंज से लखनऊ पहुँचकर प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से उपस्थित जिलाध्यक्ष शमीम अहमद अल्वी,जिला महासचिव कासगंज अफजल अब्बासी,जिला सचिव कासगंज फकरुद्दीन सैफी,समसुद्दीन अब्बासी, का0 जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच कासगंज डॉ0 के0 एम0 गजनी कुर्बानियां सहित आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित थे!

## थाना अमांपुर पुलिस द्वारा पांच अभियुक्त गिरफ्तार

कासगंज (अनिल कुमार)। पुलिस अधीक्षक कासगंज श्री सौरभ दीक्षित के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज श्री जितेन्द्र कुमार दुबे के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध जुआ सट्टा के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी सहावर श्री राजू निषाद के नेतृत्व में थाना अमांपुर पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर 3 अभियुक्तगण को ग्राम कमालपुर ईदगाह के पास से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी।

अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना अमांपुर पर मु0अ0सं0 274 धारा 13जी (जुआ) अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगणदृ शाही आलम पुत्र फकीर आलम नि0 कमालपुर थाना अमांपुर जनपद कासगंज। अनीश अहमद पुत्र रहीश अहमद नि0 कमालपुर थाना अमांपुर जनपद कासगंज। अतर बाबू पुत्र लाखन सिंह नि0 ग्राम मुनीर नगर थाना अमांपुर जनपद कासगंज।

पुलिस टीम में उ0नि0 श्री मनोज कुमार थाना अमांपुर जनपद कासगंज का0 राहुल कुमार थाना अमांपुर जनपद कासगंज का0 कुलदीप कुमार थाना अमांपुर जनपद कासगंज का0 मोन्टी थाना अमांपुर जनपद कासगंज शामिल थे।

इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी सहावर श्री राजू निषाद के नेतृत्व में थाना अमांपुर पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर 2 अभियुक्तगण को ग्राम कछेला के पास समसपुर तिराहे से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना अमांपुर पर मु0अ0सं0 275ध्23 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगणदृ सुरेशपाल शाक्य पुत्र भगवान दास नि0 ग्राम शेरपुर थाना अमांपुर जनपद कासगंज, वीरेश कुमार पुत्र श्यौराज नि0 समसपुर डैगरी थाना अमांपुर जनपद कासगंज।

## पटियाली पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

कासगंज। पुलिस अधीक्षक कासगंज श्री सौरभ दीक्षित के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज श्री जितेन्द्र कुमार दुबे के पर्यवेक्षण में जनपद के सभी थानों में वारण्टी व वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, क्षेत्राधिकारी पटियाली श्री दीप कुमार पंत के नेतृत्व में आज थाना पटियाली पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0सं0 संबंधित धाराओं में एनडीपीएस एक्ट थाना पटियाली जनपद कासगंज में वांछित 01 अभियुक्त को 2.4 किग्रा गांजा के साथ, ग्राम शाहपुर टहला के पास से समय करीब 11.30 बजे, गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की, गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## कासगंज से काठगोदाम जाने का सफर आसान हो जाएगा

कासगंज (अनिल कुमार)। उत्तर प्रदेश के कासगंज से काठगोदाम जाने वाले यात्रियों के खुशखबरी है। अब जिले से डायरेक्ट काठगोदाम के लिए ट्रेन मिलेगी। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए पर्व के मद्देनजर मुंबई से वाया काठगोदाम तक एक साप्ताहिक ट्रेन के संचालन को हरी झंडी दे दी है। साथ ही समय सारिणी भी जारी कर दी गई है। फिलहाल चार फेरों के लिए ट्रेन चलाकर प्रयोग किया जाएगा। सफलता मिली तो रेलवे आगे भी फेरे बढ़ाने पर विचार करेगा।

ट्रेन संख्या 09075 मुंबई सेंट्रल–काठगोदाम सुपरफास्ट साप्ताहिक विशेष गाड़ी 8, 15, 22 एवं 29 नवंबर को मुंबई सेंट्रलसे 11 बजे प्रस्थान करेगी तथा काठगोदाम 14:30 बजे पहुंचेगी।

वापसी में 09076 काठगोदाम–मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट साप्ताहिक विशेष गाड़ी 9, 16, 23, 30 नवंबर को काठगोदाम से 17:30 बजे प्रस्थान करके हाथरस सिटी 23:50 बजे पहुंचेगी।

दूसरे दिन मथुरा 01:15 बजे छूटकर मुंबई सेंट्रल 20:55 बजे पहुंचेगी। इज्जतनगर मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि रेल यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर यह एक जोड़ी ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। कुल 18 कोच लगाए जाएंगे।

## चोरी के अभियोग में एक गिरफ्तार

कासगंज (अनिल कुमार)। पुलिस अधीक्षक कासगंज श्री सौरभ दीक्षित के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज श्री जितेन्द्र कुमार दुबे के पर्यवेक्षण में, जनपद के सभी थानों में वारण्टी व वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, क्षेत्राधिकार सहावर श्री राजू निषाद के नेतृत्व में, मुखबिर खास की सूचना पर थाना अमांपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 272ध्2023 धारा 379ध्411 भादवि थाना अमांपुर जनपद कासगंज में वांछित 01 अभियुक्त को कासगंज तिराहा एटा रोड, कस्वा अमांपुर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की, गिरफ्तार अभि0 के कब्जे से चोरी किये गये 6060 रुपये की नकदी बरामद कर, अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण विजय पुत्र उमेन्द्र निवासी ग्राम आनन्दपुर थाना अमांपुर जनपद कासगंज।

## महेंद्र सिंह प्रजापति बने प्रदेश अध्यक्ष

खबर जनपद एटा से है जहां आज जनपद एटा निवासी महेंद्र सिंह प्रजापति पुत्र श्री रमेश चंद्र प्रजापति को प्रजापति महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य पूरणमल प्रजापति के द्वारा प्रजापति महासभा का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस शुभ अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा नए प्रदेश अध्यक्ष को मनोनइन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर रमेश प्रजापति राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार व श्री नागेंद्र कुमार प्रजापति एडवोकेट जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार संघ अलीगढ़। शैलेंद्र प्रजापति गौरव प्रजापति हीरालाल यादव प्रदेश महासचिव शिशुपाल सिंह यादव पूर्व जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी अनिल कुमार प्रजापति पत्रकार मण्डल ब्यूरो चीफ अलीगढ(जन नायक सम्राट न्यूज पेपर) आदि तमाम लोग उपस्थित रहे इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष व उपस्थित लोगों ने प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। और मनोनीत नए प्रदेश अध्यक्ष को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में सड़क सुरक्षा सुदृढ करने के उद्देश्य से अधिकारी कर्मचारी गण के साथ की गई गोष्ठी, संबंधित को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

कासगंज (अनिल कुमार)। जिलाधिकारी कासगंज श्रीमती सुधा वर्मा व पुलिस अधीक्षक कासगंज श्री सौरभ दीक्षित द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय स्थित रुद्राक्ष सभागार में सड़क सुरक्षा के संबंध में गोष्ठी की गई। मीटिंग में डिवाइडर्स पर रेडियम के स्टीकर, अवैध वाहनों का चालान, वाहनों से पटाखों की आवाज, चौराहों व तिराहों पर अतिक्रमण हटाना आदि संबंधित बिन्दुओं पर चर्चा कर संबंधित अधिकारी गण को आवश्यक दिशा– निर्देश दिये गए तथा यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि कोई वाहन चालक यातायात नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जाये । साथ ही ये भी निर्देश दिये गए कि अभियान चलाकर लोगों को सडक सुरक्षा नियमों के बारे में जागरुक किया जाए और आम जनमानस से नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए जिससे अप्रिय घटना घटित न हो तथा आगामी त्यौहारों के मद्देनजर शहर में जाम की समस्या से निपटने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज, एसडीएम सहावर, आरटीओ कासगंज, यातायात प्रभारी कासगंज आदि अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## सहावर पुलिस द्वारा हत्या की घटना में 2 वांछित अभियुक्तगण को गिरफ्तार

जन नायक सम्राट ब्यूरो

कासगंज। मौहर सिंह पुत्र पुन्नी लाल निवासी शहबाजपुर पश्चिम थाना सुन्नगढ़ी जनपद कासगंज द्वारा थाना सहावर पर लिखित तहरीर दी कि दिनांक 19.10.2023 को मेरा भतीजा सर्वेश कुमार पुत्र जगदीश, पूनम पुत्री ह्रदेश निवासी ग्राम भीकमपुर थाना सुन्नगढी जनपद कासगंज को ले गया था पूनम उपरोक्त को हम लोगों ने दिनांक 22.10.2023 को उसके पिता ह्रदेश व उसके परिवार वालो के सुपुर्द कर दिया था । तभी से मेरा भतीजा सर्वेश गायब था । दिनांक 24.10.2023 को समय करीब 07रू00 बजे मुझे सूचना मिली कि मेरा भतीजा सर्वेश ग्राम नगला भूड के पास आम के पेड़ से लटका हुआ है । मैनें अपने परिवार वालो के साथ मौके पर जाकर देखा कि मेरा भतीजा सर्वेश आम के पेड पर रस्से से मृत अवस्था में लटका हुआ है । मुझे शक है कि मेरे भतीजे सर्वेश को ह्रदेश, करन सिंह पुत्रगण रामप्रकाश, आदित्य पुत्र रखेन्द्र सिंह, अजीत पुत्र रामौतार व विनीत पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासीगण ग्राम भीकमपुर थाना सुन्नगढ़ी जनपद कासगंज ने मार कर आम के पेड पर टांग दिया है । जिसके सम्बन्ध में थाना सहावर पर मु0अ0सं0 335ध्23 धारा 302ध147 भादवि0 पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी थी। साक्ष्य संकलन एवं गुण दोष के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 201 भादवि की बढोत्तरी की गयी। पुलिस अधीक्षक कासगंज श्री सौरभ दीक्षित के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज श्री जितेन्द्र कुमार दुबे के पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी सहावर श्री राजू निषाद के नेतृत्व में आज मुखबिर खास की सूचना पर 02 अभियुक्तगण को भीकमपुर तिराहा थानाक्षेत्र सुन्नगढ़ी से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण ह्रदेश व करन सिंह से पूछताछ में जुर्म का इकबाल करते हुए अपने साथी अभियुक्तगण आदित्य पुत्र रखेन्द्र, अजीत पुत्र रामौतार व विनीत पुत्र राजेन्द्र के साथ योजना बद्ध तरीके से मृतक का रस्सी से गला दबाकर हत्या कर पेड पर लटकाया जाना बताये है ।

## ''मेरी माटी : मेरा देश'' अमृत कलश यात्रा समारोह सम्पन्न

जन नायक सम्राट ब्यूरो

कासगंज। मा0 सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया की अध्यक्षता एवं विधायक कासगंज देवेन्द्र सिंह राजपूत, विधायक अमांपुर हरिओम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप व अन्य जनप्रतिनिधियों तथा जिलाधिकारी सुधा वर्मा की उपस्थिति में श्री गणेश इण्टर कालेज कासगंज में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0 कुंवर पाल की पत्नी को शाल उढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं तथा कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

जिला स्तरीय मेरी माटी मेरा देश समारोह में जिले के समस्त विकास खंडों, नगर पंचायतों और नगर पालिकाओं से लाए गए अमृत कलशों को युवाओं को सौंपा गया जो लखनऊ में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम और नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रत्येक नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों से विकास खण्डों पर एकत्रित अमृत कलशों की भव्य अमृत कलश यात्रा निकाल कर जिला मुख्यालय पर लाया गया। अमृत कलश यात्रा में स्कूली बच्चे, नेहरू युवा केंद्र के युवा और भारत स्काउट एंड गाइड के युवा रहे। अमृत कलशों को समारोहपूर्वक निर्धारित वाहनों से हरी झण्डी दिखाकर लखनऊ रवाना किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय गान हुआ और पंचप्रण की शपथ दिलाई गई। समस्त जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी द्वारा कालेज परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

सांसद जी ने समारोह को सम्बोधित करते हुये कहा कि हम सबका सौभाग्य है कि हमारे आंगन की मिट्टी दिल्ली की अमृत वाटिका में लगेगी। सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश को आदर्श प्रदेश बनाने का कार्य किया जा रहा है। यह सभी जनपदवासियों के लिए गर्व का विषय है कि युवाओं द्वारा जिले की मिट्टी को प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर लेकर जाया जा रहा है।

आजादी का अमृत महोत्सव भारत की आजादी के 75 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक पुनीत माटी वंदनोत्सव है, जिसमें हम सभी के लिये अपनी विराट सांस्कृतिक विरासत के अवलोकन व मातृ भूमि के वीर सपूतों, स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के योगदान से प्रेरणा लेने का स्वर्णिम अवसर है।

समारोह में जिला अध्यक्ष के0पी0 सिंह सोलंकी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बॉबी कश्यप, चौयरमेन कासगंज मीना माहेश्वरी, चौयरमैन सोरों रामेश्वर दयाल महेरे व अन्य जनप्रतिनिधि, मुख्य विकास अधिकारी सचिन, जिला विकास अधिकारी, बीएसए, डीआईओएस, समाज कल्याण अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों के सहयोग से गांव में पधारी शनि महाराज की मूर्ति



जन नायक सम्राट ब्यूरो अलीगढ (अनिल कुमार)। खबर जनपद कासगंज के विकास खंड अमापुर स्थित ग्राम पंचायत मुनीर नगर की है। जहां ईश्वर की असीम अनुपम अनुकंपा के चलते गांव के ही ईश्वर भक्त हरिनंदन के अथक प्रयास व समस्त ग्राम वासियों के सहयोग के चलते आज गांव के ही मंदिर में शनि देव महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा स्थापित की गई। इस मौके पर समस्त ग्राम वासियों ने बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ धूमधाम गाजे बाजे के साथ भक्तिम्य वातावरण बनाते हुए शनि देव महाराज की गांव के ही मंदिर में मूर्ति स्थापित की गई। इस मौके पर गांव के काफी महिला पुरुष व बच्चे लोग एकत्रित हुए। मौके की स्थिति को देखते हुए ऐसा महसूस हो रहा था कि गांव का पूरा वातावरण ही भक्ति के रंग में रंगा हुआ है। एक समय ऐसा लग रहा था जैसे पूरा गांव ही भक्ति रूपी गंगा में स्नान कर रहा है। इस शुभ पावन अवसर पर मौजूदा ग्राम प्रधान रूप किशोर वर्मा पूर्व ग्राम प्रधान नेताजी नारायण सिंह व काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान व सचिव ने मिलकर ग्राम पंचायत के लाखों रुपए का किया गबन, प्रशासन बना मौन

कासगंज (अनिल कुमार)। खबर जनपद कासगंज के विकास खंड अमापुर स्थित ग्राम पंचायत देवरी की है। जहां ग्राम प्रधान व सचिव ने मिलकर ग्राम पंचायत के विकास को आए लाखों रुपए पर किया हाथ साफ। आपको बताते चलें ग्राम पंचायत देवरी मैं वित्तीय वर्ष 2021–22 से लेकर जून 2023 तक ग्राम पंचायत के विकास हेतु ग्राम पंचायत की विभिन्न निधियों के द्वारा अब तक 24 लाख रुपया शासन से स्वीकृत होकर ग्राम पंचायत को प्राप्त हो चुका है। उपरोक्त धनराशि को ग्राम प्रधान व सचिव ने मिलकर ग्राम पंचायत में फर्जी तरीके से विभिन्न कार्यों को दर्शाते हुए उपरोक्त धनराशि को पंचायत निधि के खातों से निकाल कर जमीनी स्तर मौके पर ना मात्र का कार्य करा कर लगभग ग्राम पंचायत का ध 20 लाख रुपया गबन कर लिया है। जिसकी शिकायत प्रार्थी ने लिखित रूप से शपथ पत्र सहित माननीय जिलाधिकारी महोदया कासगंज जिला विकास अधिकारी कासगंज खंड विकास अधिकारी अमापुर को की थी। लेकिन दुर्भाग्य कहिए कि आज लगभग 3 महीने का समय निकाल जाने के बावजूद भी आज तक उपरोक्त ग्राम पंचायत में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जमीनी स्तर पर शिकायतकर्ता की उपस्थिति में जांच कराना उचित नहीं समझा। इससे साफ जाहिर होता है कि भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी मजबूती के साथ। विकास विभाग के कर्मचारी से लेकर के अधिकारी तक के दिल और दिमाग में अपनी जड़ें जमाए हुए हैं।

इसी के साथ मौजूदा ग्राम प्रधान द्वारा प्रार्थी को गलत तरीके से प्रताड़ित किया जा रहा है। और शिकायत को वापस करने के लिए गलत तरीके से गलत लोगों के द्वारा डराया धमकाया जा रहा है और प्रार्थी को उपरोक्त प्रधान द्वारा यदि शिकायत वापस नहीं ली गई तो जान से मारने या किसी अज्ञात बाहन से कुचलने की धमकियां आए दिन दी जा रही । और मौजूदा ग्राम प्रधान प्रार्थी को चौलेंज दे रहा है यदि शिकायतकर्ता ने शिकायत वापस नहीं की तो पुलिस से मिलकर के झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भिजवा देगा। मौजूदा ग्राम प्रधान दबंग व शातिर किस्म का व्यक्ति है क्षेत्र में रसूखदार लोगों से उसके संबंध हैं। इससे प्रार्थी व उसके परिवार को मौजूदा ग्राम प्रधान से जान का खतरा है।

प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होते हुए भी इस तरह के भ्रष्टाचारियों और माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं क्या उन्हें कानून का कोई खौफ नहीं। इसलिए मेरा शासन प्रशासन से अनुरोध है कि तत्काल प्रभाव से ग्राम पंचायत देवरी में मेरी उपस्थिति में जांच कराई जाए और जांच में दोषी पाए गए ग्राम प्रधान के खिलाफ सख्त कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

यदि ग्राम पंचायत देवरी में अभिलंब जांच प्रक्रिया को नहीं किया जा गया तो शिकायतकर्ता मजबूर होकर मौजूदा ग्राम प्रधान के साथ–साथ ब्लॉक स्तर से लेकर जिला स्तर तक के कर्मचारीयों अधिकारियों को कार्य के प्रति उदासीनता व भ्रष्टाचार में संलिप्तता मानते हुए माननीय न्यायालय में जाने को मजबूर होगा। अब देखने वाली बात होगी कि क्या जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपरोक्त ग्राम पंचायत में अभिलंब जांच कार्य को कराते हैं या नही।

